[Medical Catalogue No. 41]

THE CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

POST BOX 8. VARANASI-1 (INDIA)

ॐ ॐ ॐ

चिकित्सा-साहित्य

(प्राच्य-पाश्चात्य)

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

प्र का श क-वि क्रे ता
के. ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
पो० बा० नं० ८, वाराणसी-१

१९६२] [1962

आर्डर देते समय इस सूचीपत्र की संख्या ४१ का उल्लेख अवश्य करें (इस बार बहुत से नवीन ग्रन्थ छपे हैं)

पर्याप्त संख्या में संपूर्ण ग्रन्थ के सदस्य बन चुके हैं। आप भी तत्काल संपूर्ण ग्रन्थ के सदस्य बन कर विशेष लाभ उठाइये।

(चौखम्बा-संस्कृत-ग्रन्थमाला संख्या ९४)

श्रीतारानाथतर्कवाचस्पतिसङ्कलितम्

वाचस्पत्यम्

(बृहत् संस्कृताभिधानम्)

पूर्ववत् डिमाई चौपेजी आकार, पृष्ठसंख्या ५५००,
सम्पूर्ण ग्रन्थ कपड़े की पक्की ६ जिल्दों में

मूल्यः—छप कर तैयार हो जाने पर रु० ४००-००

तत्काल संपूर्ण ग्रन्थ का अग्रिम मूल्य २७५-००

ग्रन्थ के १-४ भाग छप कर तैयार हैं। जो सज्जन तत्काल संपूर्ण ग्रन्थ का अग्रिम मूल्य २७५-०० भेज कर १-४ भाग मंगवा लेवेंगे उन्हें ५-६ भाग जो बहुत शीघ्र छप कर तैयार हो जायेंगे बिना मूल्य भेज दिये जावेंगे।

(ग्रन्थ की थोड़ी ही प्रतियाँ छप रही हैं अतः १२५-०० रुपये की भारी बचत से लाभान्वित होने के लिये कृपा कर तत्काल संपूर्ण ग्रन्थ का पूरा द्रव्य अग्रिम भेज कर अग्रिम सदस्यों की सूची में अपना भी नाम अङ्कित करा लीजिए। अन्यथा कुछ ही दिनों में सम्पूर्ण ग्रन्थ छप कर तैयार हो जाने पर ४००-०० रु० व्यय करने पर भी अगर उस समय तक कुछ सेट बचे रहेंगे तभी प्राप्त हो सकेंगे। (खर्च पृथक् होगा)

(चौखम्बा-संस्कृत-ग्रन्थमाला संख्या ९३)

राजा राधाकान्तदेव विरचितः

शब्दकल्पद्रुमः

(बृहत् संस्कृताभिधानम्)

सम्पूर्ण ग्रन्थ १-५ भाग का परिवर्तित मूल्य रु० १५०-००

प्रकाशक—चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

परिचय

काशीपुरी युग-युगान्तर से भारत-वसुन्धरा की सांस्कृतिक राजधानी रही है। इसी नगरी में आज से ७० वर्ष पूर्व सुरभारती के अनमोल ग्रंथों के रक्षण तथा पोषण, विकास, प्रसार और प्रचार की दृष्टि से धर्मप्राण आचार्य-चरण-चञ्चरीक श्रीहरिदासजी गुप्त ने 'चौखम्बा संस्कृत सीरीज, काशी' की संस्थापना वि० संवत् १९४८ (सन् १८९२) में की। इसमें इस समय बारह ग्रन्थमालायें चल रही हैं जिनमें से प्रत्येक में वेद, पुराण, उपनिषद्, इतिहास, दर्शन, धर्मशास्त्र, कर्मकाण्ड, व्याकरण, ज्योतिष आदि के अनेक उत्तम प्राचीन तथा अर्वाचीन ग्रन्थसुमन प्रकाशित हुए हैं।

काशी में दिवोदास भगवान् धन्वन्तरि की आयुर्विद्या को प्रकट करने के लिये इस पुस्तकालय के आयुर्वेद विभाग का उद्घाटन मुम्बई निवासी श्री ...देवजी महाराज के करकमलों द्वारा सन् १९२० ई० में हुआ है। आयुर्वेद के महारथी श्रीसत्यनारायण शास्त्री, श्रीजगन्नाथप्रसाद शुक्ल, ...विराज श्रीप्रतापसिंह, श्रीहरिरंजन मजूमदार, श्रीराजेश्वरदत्त शास्त्री प्रभृति विद्वानों ने इस पुस्तकालय को अपना वरद हस्त देकर कृतार्थ किया है।

पुस्तकालय अपने शुभचिन्तक परामर्शदाताओं के बल पर ही प्रति वर्ष आयुर्वेद के सात-आठ सौ पृष्ठ के दो-तीन मौलिक ग्रन्थों को प्रकाशित करने में समर्थ होता आ रहा है।

प्रकाशित आयुर्वेद-साहित्य का परिचय इस पुस्तिका में देखने को मिलेगा। आशा है कि पाठकप्रवर और गुणी ग्राहक इसे अपनी ही संस्था समझ कर इस पर कृपादृष्टि बनाये रखेंगे।

—व्यवस्थापक

लेखक महोदय तथा प्रकाशकों से निवेदन है कि अपनी नवीन प्रकाशित पुस्तकों की ...ना १-१ प्रति नमूने के रूप में हमें अवश्य भेजते रहें तथा जो सज्जन अपनी पुस्तकों ...प्रचार बढ़ाना चाहें वे प्रत्येक पुस्तक की २५-५० प्रतियाँ विक्रयार्थ हमें भेज देवें, ...इस सूचीपत्र द्वारा उनका विशेष प्रसार-प्रचार करते हुए बिकी हुई प्रतियों का मूल्य ...के पास तिमाही या छमाही भेज दिया करेंगे।

परामर्शदाता—

श्रीमान् यादवजी त्रिकम जी आचार्य
" सत्यनारायण जी शास्त्री
" गोवर्धन शर्मा जी छांगाणी
" जगन्नाथप्रसाद जी शुक्ल
" भास्कर गोविन्द घाणेकर जी
" प्राणजीवन मा० जी मेहता
" हरिरंजन जी मजुमदार
" रघुनाथ विनायक धूलेकर जी
" दत्तात्रय अनन्त कुलकर्णी जी
" दरबारीलाल जी शर्मा
" कविराज प्रतापसिंह जी
" दुर्गादत्त जी शास्त्री
" राजेश्वरदत्त जी शास्त्री
" मुकुन्दस्वरूप जी वर्मा
" धर्मदत्त जी
" जी. श्रीनिवास मूर्त्ति जी
" लक्ष्मीपति जी शास्त्री
" आशानन्द जी पञ्चरत्न
" मणिराम जी शर्मा
" मंगलदास जी स्वामी
" जयरामदास जी स्वामी
" बापालाल ग० शाह जी
" गुरुदत्त जी शर्मा
" उपेन्द्रनाथदास जी
" गणेशदत्त जी सारस्वत

श्रीमान् दीनानाथ जी शास्त्री
" बलवन्त सिंह जी
" शिवदत्त जी शुक्ल
" रामरक्ष जी पाठक
" यदुनन्दन जी उपाध्याय
" अम्बिकादत्त जी शास्त्री
" भैरवगिरि जी गोस्वामी
" रामदेव जी ओझा
" मनोहरलाल जी शर्मा
" वासुदेव जी शास्त्री
" सुन्दरलाल जी शुक्ल
" विश्वनाथ जी द्विवेदी
" सोमदेव जी शर्मा
" शुकदेव जी शर्मा
" जगदीशप्रसाद जी शुक्ल
" रमानाथ जी द्विवेदी
" गिरिजादयालु जी शुक्ल
" गङ्गासहाय जी पाण्डेय
" प्रियव्रत जी शर्मा
" विष्णुदामोदर धुलेकर जी
" रघुवीरप्रसाद जी त्रिवेदी
" गोरखनाथ जी चतुर्वेदी
" ब्रह्मशङ्कर जी मिश्र
" नीलकण्ठ जी देशपाण्डे
" सरोजिनी देवी जी वैद्या
" राजकुमार जी द्विवेदी

इत्यादि, इत्यादि ।

आशीर्वचनम्

आयुर्वेद-कुल-कमल-दिवाकर
परिडतराज
श्री यादव जी त्रिकम जी आचार्य

श्रीयुत बाबू जयकृष्णदास जी गुप्त बनारस के प्राचीन और सुप्रसिद्ध ग्रन्थ प्रकाशक हैं। इन दिनों आपने आयुर्वेद के अनेकानेक उत्तमोत्तम ग्रन्थ सुयोग्य विद्वानों द्वारा लिखवा कर प्रसिद्ध किये हैं और आगे भी ऐसे उत्तम ग्रन्थ छपवा कर प्रसिद्ध करने का आपका सङ्कल्प है। मैं इस सत्कार्य के लिये आपको अनेक धन्यवाद देता हूँ और भगवान धन्वन्तरि से प्रार्थना करता हूँ कि वे इस सत्कार्य के लिये श्री जयकृष्णदास जी गुप्त को दीर्घायु और आरोग्य प्रदान करें।

—वैद्य यादवजी त्रिकमजी
आचार्य

आयुर्वेद-बृहस्पति, भिषक्केसरी
प्राणाचार्य
पण्डित श्री गोवर्धनशर्मा जी छांगाणी

काशी के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ प्रकाशक स्वर्गीय हरिदास जी गुप्त के सुपुत्र बाबू जयकृष्णदास गुप्तादि नितान्त धन्यवाद के पात्र हैं। आप स्वर्गीय पिता जी का अनुसरण करते हुए अपनी चौखम्बा संस्कृत सीरीज़ द्वारा संस्कृत एवं आयुर्वेद के बड़े बड़े मौलिक ग्रन्थों का प्रकाशन करके संस्कृत के उद्भट विद्वानों तथा आयुर्वेदज्ञ वैद्यराज को संतुष्ट कर रहे हैं। आपकी संस्था से सैकड़ों मौलिक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं। संस्कृतायुर्वेद का कोई विषय ऐसा नहीं जो इनके यहां प्रकाशित नहीं है। हम इस परम प्राचीन संस्था की उत्तरोत्तर उन्नति चाहते हैं।

—वैद्य श्रीगोवर्धन शर्मा
छाङ्गाणी

आयुर्वेदशास्त्र के अवतार, भारतराष्ट्रपति-चिकित्सक,
पण्डित-सार्वभौम, वैद्यसम्राट्, पद्मभूषण

श्री सत्यनारायण जी शास्त्री महोदय का

अभिनन्दन-ग्रन्थ

बहुत दिनों से समाज में जिसकी चर्चा चल रही थी, बड़ी प्रतीक्षा के बाद वह सचित्र अभिनन्दन-ग्रन्थ बड़ी धूम-धाम से छप कर सन्नद्ध है। देश के कोने-कोने से अपने विषय के माने हुए बड़े-बड़े विद्वानों ने प्रायः सभी विषयों पर प्रामाणिक लेख भेज कर इस ग्रंथ की उपयोगिता बढ़ाने में योगदान दिया है। आयुर्वेद के निदान-चिकित्सादि विषयों एवं आधुनिक वैज्ञानिक चिकित्सा-पद्धतियों के साथ या उनसे प्राचीन का समन्वय आदि विषयों पर एक से एक बढ़कर विचार देखने को मिलते हैं। न्याय, व्याकरण, वेदान्त, सांख्य, योग, मीमांसा, इतिहास आदि प्रत्येक विषय पर मर्मस्पर्शी विचार-सामग्री से यह ग्रन्थ भरा हुआ है। आयुर्वेद की सेवा में सम्पूर्ण जीवन को विलीन कर देने वाले शास्त्री जी जैसे परम तपस्वी के जीवन से आयुर्वेद की महत्ता, उपयोगिता, प्राचीनता एवं अनिवार्यता का जो ज्ञान हमें हो सकता है वह दूसरे प्रयत्नों से इतना सुखसाध्य नहीं हो सकता। मानवमात्र के लिये अनुकरणीय शास्त्री जी के जीवनचरित की कतिपय प्रमुख घटनाओं को स्मरण कर भावी पीढ़ी के सदस्यों को कर्मक्षेत्र में कुशलता प्राप्त कराने वाली अनेक रसवती प्रेरणाएँ दी गई हैं।

सचित्र एवं कलापूर्ण सुन्दर छपाई, मनोहर पक्की जिल्द मूल्य १५-०

पदार्थविज्ञानम्

वैद्य सम्राट्, कविराज श्री सत्यनारायण शास्त्री

यद्यपि पदार्थ परिचय के लिये आज तक अनेक पुस्तकें उपलब्ध थीं तथापि ऐसे महाविद्वान् के लेख में आपको पदार्थशास्त्र का विलक्षण अनुभव होगा। सभी दर्शनों के विशिष्ट शास्त्रार्थों के साथ पदार्थों का विवेचन देखते ही विद्वानों का चित्त आकृष्ट कर लेता है। मूल्य ३-०

!! आयुर्वेद-जगत् को अनुपम उपहार !!

काय-चिकित्सा

आचार्य रामरक्षजी पाठक, आयुर्वेद-बृहस्पति

डाइरेक्टर—केन्द्रीय आयुर्वेदान्वेषण-संस्था, जामनगर

इस ग्रन्थ में चिरकाल से अनुभव की जाती हुई अष्टांगआयुर्वेद के काय-चिकित्सा नामक महत्त्वपूर्ण अंग की विशेषता जगत् के समक्ष रखी गई है और अनेक रहस्यपूर्ण गूढ ग्रन्थियों का उद्घाटन करके विषय को सर्वसामान्य के लिये सरल-सुबोध शास्त्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

इस ग्रन्थ की एक विशेषता यह भी है कि इसके लेखक भारत भर की एक मात्र आयुर्वेद-अनुसन्धान-संस्था के सर्वोच्च पदाधिकारी हैं, अतः इस ग्रन्थ के माध्यम से आयुर्वेद-जगत् को उनके अनुसन्धानों, अन्वेषणों तथा परीक्षणों-अवेक्षणों का भी लाभ प्राप्त होगा। इस शास्त्र में जहाँ-जहाँ विकलांगता थी वहाँ-वहाँ अन्य ग्रन्थों के आधार पर तथा अपने अनुभव से भी उसकी पूर्ति करके लेखक ने इसे सकलांगपूर्ण बनाने का प्रयत्न किया है। स्पष्ट है कि यह ग्रन्थ समस्त वैद्य-समाज के लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा।

इस ग्रन्थ में चिकित्सा-सम्बन्धी सिद्धान्तों का प्रतिपादन, चिकित्सा का क्रियात्मक एवं कर्मोपयोगी स्वरूप, ज्वरों का वर्णन और क्रमशः आभ्यन्तर-मार्गाश्रित-बहिर्मार्गाश्रित-मर्मसन्ध्याश्रित व्याधियों का विशद वर्णन है।

तात्पर्य यह कि यह ग्रन्थरत्न सच्चे अर्थों में चिकित्सा-शास्त्र का नवीनतम, व्यावहारिक तथा सर्वाङ्गपूर्ण प्रतिसंस्करण है। आयुर्वेद के छात्रों तथा आयुर्वेद से किसी भी रूप में सम्बद्ध व्यक्ति मात्र को अविलम्ब ही इस ग्रन्थ का अवश्य संग्रह कर लेना चाहिए। मूल्य १२-५०

 चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

छप गया ! नवीन संस्करण !! छप गया !!!

(डाक्टर घाणेकर जी की टीका के समकक्ष)

सुश्रुतसंहिता-संपूर्ण

'आयुर्वेदतत्त्वसंदीपिका' हिन्दी व्याख्या वैज्ञानिक विमर्शयुक्त

व्याख्याकार--

ए. एम. एस. विभूषित कविराज डा० अम्बिकादत्तशास्त्री एस. ए.,
वैद्य प्रियव्रत सिंह, आचार्य देशपाण्डे, डा० अवधविहारी अग्निहोत्री

इस अभिनव व्याख्या में प्रत्येक गूढ़सूत्रों पर वैज्ञानिक शब्दावली द्वारा सुश्रुत का महाभाष्य प्रस्तुत किया गया है। इसके विमर्श में प्राचीन एवं नवीन विज्ञान की सप्रमाण तुलना एक ही स्थल में इस क्रम से उपस्थित की गई है, जिससे दोनों विषयों की जानकारी हो जाती है। वर्तमान समय में व्यवहार में आनेवाले यंत्र-शस्त्र, शस्त्रकर्म (Operations), पट्ट बन्धन (Bandaging) एवं रोगी परिचर्या आदि उपयोगी विषयों का प्राचीन विज्ञान के उपयोगी अंशों के साथ संतुलित रूप में विस्तार के साथ वर्णन किया गया है।

कर्ण, नेत्र, नासा एवं गले के रोग, पचन संस्थान एवं उसके प्रमुख विकार, आयुर्वेद में मूत्रोत्पत्ति के सिद्धान्त, प्रमुख संक्रामक रोग एवं उनका प्राच्य एवं पाश्चात्य दृष्ट्या प्रतिकार तथा इसी प्रकार के अनेक उपयोगी विषयों का सुव्यवस्थित ढंग से वर्णन किया गया है। रोगों का अचूक निदान करने तथा चरक, सुश्रुत, वाग्भट, शार्ङ्गधर आदि आकर ग्रन्थों के मतों के साथ डाक्टरी मत से भी रोग निर्णय करने की विधियों का विशद विवेचन होने से इसकी उपयोगिता बहुत बढ़ गई है। त्रिदोषविज्ञान, रस-रक्तादि सप्त धातु, ओज, जीवनीय तत्त्व एवं अन्य विवादग्रस्त विषयों पर प्राचीन महर्षियों के दार्शनिक सिद्धान्तों को वर्तमान विज्ञान के प्रकाश में प्रकाशित कर अनेक शङ्काओं का निर्मूलन कर विवेचन किया गया है। संक्षेप में मूल संहिता के भावों को सरल शैली में व्यक्त कर नवीन विज्ञानके साथ तुलना कर विषय को अधिक स्पष्ट, तर्कसम्मत एवं बुद्धिग्राह्य बना दिया गया है, जिससे आयुर्वेद के विद्यार्थी, अध्यापक एवं चिकित्सकों के लिए यह सटीक संस्करण समान रूप से उपयोगी सिद्ध हो गया है। संपूर्ण ग्रन्थ दो भाग में २४-००

१ सूत्र-निदानस्थान	७-००	२ शरीरस्थान	३-५०
३ चिकित्सा-कल्पस्थान	६-००	४ उत्तरतन्त्र	१२-५०

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

बीसवीं शताब्दी की औषधियाँ

डा० मुकुन्द स्वरूप वर्मा

बीसवीं शताब्दी ने चिकित्सा प्रणाली में युगान्तर उत्पन्न कर दिया है। जितनी नवीन औषधियों का आविष्कार गत २५ वर्षों में हुआ है उतना पिछले कई सौ वर्षों में भी नहीं हुआ।

पहिले दो-चार ही ऐसी औषधियाँ थीं जिनको विशिष्ट कहा जा सकता था, किन्तु आज कितने ही रोगों की निश्चित औषधियों का आविष्कार हो गया है जिनके प्रभाव से अत्यन्त दारुण दुर्दम्य रोग भी सुदम्य हो गये हैं। आज राजयक्ष्मा जैसे भयंकर रोग से भी, जिसको रोगों की सेना का कमांडर कहा जाता था, छुटकारा पा लेना सहज है। हाँ, औषधि को समय से रोगी के शरीर में पहुँचाना आवश्यक है। समय से न पहुँचने पर तो अमृत भी लाभ नहीं कर सकता। इन नवीन औषधियों के समयोचित उपयोग से चिकित्सक अपने ब्रह्मास्त्रों द्वारा जीवन की रक्षा करने में कभी असफल नहीं होगा।

सरल और रोचक शैली में प्रायः सभी मुख्य-मुख्य नवीन औषधियों का इसमें वर्णन किया है जिनका प्रयोग अभीष्ट फलदायक होता है। प्रत्येक औषधि की उत्पत्ति, उसके रासायनिक रूप, लाभ, हानि तथा उपयोग पर पूर्ण प्रकाश डाला गया है तथा हानि होने पर क्या करना चाहिये इसका भी पूर्ण उल्लेख है। डा० वर्मा जी की इस कृति ने चिकित्सकों का बहुत बड़ा उपकार किया है। ८-००

नव्य-चिकित्सा-विज्ञान

डा० मुकुन्द स्वरूप वर्मा

गत २०-२५ वर्षों में विज्ञान ने जो उन्नति की है उससे चिकित्सा-क्षेत्र में युगान्तर सा आ गया है। नवीनतम वैज्ञानिक आविष्कारों की सहायता से आज क्षय जैसी व्याधि से भी मनुष्य बच जाता है। यह सब चिकित्सा-सम्बन्धी नवीनतम ज्ञान चिकित्सकों तक पहुँचाने के हेतु प्रस्तुत ग्रन्थ का निर्माण हुआ है।

इसमें नवीनतम मतों के अनुसार रोगोत्पत्ति के कारण, तज्जन्य विकृति-लक्षण, परीक्षा करने पर मिलने वाले चिह्नों, आवश्यक प्रायोगिक परीक्षाओं तथा चिकित्सा का विशद विवेचन करते हुए चिकित्सक के लिये पुस्तक को सब प्रकार से उपयोगी बनाया गया है। मूल्य ८-००

क्लिनिकल पैथौलोजी

(सचित्र—बृहत् मल-मूत्र-कफ-रक्तादि परीक्षा)

CLINICAL PATHOLOGY

(Including Laboratory Technique, Parasitology & Bacteriology.)

डा० शिवनाथ खन्ना एस. बी. बी. एस., डी. पी. एच., आयुर्वेदरत्न

इनचार्ज पैथोलोजी सेक्शन, कालेज आफ मेडिकल सायंसेज तथा सर सुन्दर लाल अस्पताल, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय। रोगी परीक्षा, रोग परिचय, रोग निवारण, सचित्र इञ्जेक्शन आदि पुस्तकों के लेखक।

उपर्युक्त पुस्तक विद्यार्थियों तथा चिकित्सकों के लिए लिखी गई है। इस पुस्तक की सहायता से लैबोरेटरी (प्रयोगशाला) तथा माइक्रोस्कोप की सहायता से रोग के निदान में सहायता मिल सकती है। प्रत्येक परीक्षा-विधि का वर्णन विस्तारपूर्वक तथा अत्यन्त सरल व प्रचलित हिन्दी भाषा में किया गया है। पुस्तक को ३ खण्डों में विभाजित किया गया है—

(१) प्रथम खण्ड में—विशिष्ट परीक्षाओं का वर्णन है। माइक्रोस्कोप (Microscope) के प्रयोग करने की विधि, मल, मूत्र, रक्त, कफ, शुक्र (Semen), ब्रह्मवारि (Cerebro-spinal fluid), स्मीयर (Smear), पीप (Pus), मुख, नेत्रमल, आदि की परीक्षा का विस्तारपूर्वक वर्णन है। इसके अतिरिक्त गनोरिया (Gonorrhoea), कुष्ठ (Leprosy), कालाजार आदि के निदान की विधियों का वर्णन है। मज्जा (Bone Marrow), लसग्रन्थि (Lymph gland) की परीक्षा का वर्णन है। साथ-साथ इन परीक्षाओं की रिपोर्ट किस प्रकार लिखी जाती है, यह भी दिया गया है। इन परीक्षाओं में प्रयोग किये जानेवाले घोल (Reagent) बनाने की विधि का भी वर्णन है। रक्त-परीक्षा में माइक्रोस्कोप की परीक्षा के अतिरिक्त रक्त में शर्करा आदि की परीक्षा (Chemical examination) का भी वर्णन है।

(२) द्वितीय खण्ड में भिन्न-भिन्न **कृमियों** (Worms) का वर्णन (Parasitology) है।

(३) तृतीय खण्ड में जीवाणुओं (Bacteria) का वर्णन (Bacteriology) है।

६ सौ पृष्ठों में ७९ चित्रों से युक्त संपूर्ण पुस्तक का मूल्य १०-००

सचित्र–इन्जेक्शन

डॉ० शिवनाथ खन्ना एम. बी. बी. एस., पी. एच. डी.
आयुर्वेदिक कालेज, हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ।

सूचीवेध क्रिया, भेदोपभेद, उनके द्वारा प्रयुक्त होनेवाली विभिन्न औषधियों के नाम, गुण-धर्म आदि, विटामिनों का परिचय, उनके अभाव से होनेवाले रोगों में सूचीवेध, रोगों की किस स्थिति में किस प्रकार के सूचीवेध का कैसे प्रयोग किया जाय, किन-किन स्थितियों में किस प्रकार की सावधानी बरती जाय, सूचीवेध से होने वाले दुष्परिणाम और उनसे सतर्क रहने तथा उन्हें सँभालने में विशेष ध्यान देने योग्य बातें आदि सूचीवेध से संबन्धित सभी ज्ञातव्य विषयों का उपयुक्त चित्रों की सहायता से इस पुस्तक में विशद विवेचन किया गया है। विषय-विभाग के अनुसार प्रस्तुत पुस्तक तीन खण्डों में विभाजित है।

प्रथम खण्ड में इन्जेक्शन देने की सब विधियों का चित्रों सहित वर्णन किया गया है। साधारण इन्जेक्शन के अतिरिक्त एनिमा (Enema) लगाना, प्लूरा (Plura) से पीप निकालना, आदि चिकित्सक के प्रतिदिन की आवश्यक क्रियाओं का विस्तारपूर्वक चित्रों सहित वर्णन किया गया है।

द्वितीय खण्ड में इन्जेक्शन देने की औषधियों का तथा शास्त्रीय औषधियों के अतिरिक्त पेटेण्ट (Patent) औषधियों का भी वर्णन किया गया है। प्रत्येक औषधि की प्रकृति, प्रयोग, योग, विषाक्तता, विषाक्तता की चिकित्सा, मात्रा आदि का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है।

तृतीय खण्ड में प्रायः १०० प्रमुख रोगों की चिकित्सा का आधुनिक विधि (allopathy) से संक्षेप में वर्णन किया गया है।

प्रत्येक छात्र तथा सामान्य चिकित्सक (General Practitioner) के लिए पुस्तक अत्यन्त उपयोगी एवं अवश्य संग्रहणीय है।

आजकल किसी भी छोटी से छोटी या बड़ी से बड़ी व्याधि पर सूचीवेध का ही प्रयोग होने लगा है। किन्तु इसमें जितनी सावधानी, विज्ञता और कुशलता की अपेक्षा है वह सभी चिकित्सकों में नहीं पाई जाती। ऐसे महत्त्वपूर्ण विषय का सांगोपांग विवेचन प्रस्तुत पुस्तक का विषय है।

मूल्य अत्यल्प १०–००

द्वितीय संस्करण ! प्रकाशित हो गया !! द्वितीय संस्करण !!!

आयुर्वेदप्रदीप

(आयुर्वेदिक-एलोपेथिक गाइड)

लेखक—आयुर्वेदाचार्य राजकुमार द्विवेदी डी. आई. एम. एस.

संपादक—आयुर्वेदाचार्य श्री गङ्गासहाय पाण्डेय ए. एम. एस.

प्रोफेसर, आयुर्वेदिक कालेज, हिन्दूविश्वविद्यालय, काशी

पृष्ठ संख्या ९००, उत्तम कागज, चमकता टाईप, आकर्षक जिल्द । मूल्य १०—००

थोड़े समय में ही प्रथम संस्करण समाप्त हो जाने के कारण जिज्ञासुओं के संतोष के लिए यह द्वितीय संस्करण प्रकाशित किया गया है। प्रथम संस्करण में जो अशुद्धियाँ रह गई थीं उनका संशोधन और जो कुछ उपयोगी विषय छूट गए थे, उनका वर्णन इस द्वितीय संस्करण में किया गया है। यह पुस्तक अपने विषय में अद्वितीय है। अभी तक सामान्य चिकित्सकों के लिए उपयोगी चिकित्सा के निमित्त राष्ट्रभाषा में लिखी हुई ऐसी कोई भी पुस्तक उपलब्ध नहीं है। इसमें प्राच्य तथा पाश्चात्य विषयों का समन्वयात्मक वर्णन है और आयुर्वेद का इतिहास, उसका प्रसार तथा 'आयुर्वेद अन्य पद्धतियों का जनक है' यह उक्ति भी परिपुष्ट रूप से वर्णित है। इस पुस्तक से सर्वसाधारण लाभ उठा सकते हैं, यह इसकी विशेष महत्ता है। इसमें शरीर-रचना, शरीर-क्रिया-प्रणाली-विहीन ग्रन्थियों का विशद वर्णन, रक्त, रक्तपरिभ्रमण, मूत्र-परीक्षा, रोगी-परीक्षा, विटामिन, विभिन्न प्रकार के संक्रामक रोग तथा उनसे बचने के उपाय, पथ्यनिर्माण-विधि, विभिन्न व्याधियों में प्रयुक्त होने वाले पथ्य, आयुर्वेदिक तथा एलोपैथिक पारिभाषिक शब्दों तथा संयोगविरुद्ध द्रव्यों का उल्लेख, त्रिदोषविज्ञान, मल, दोष, धातु-विवरण, व्यवस्था-पत्र-लेखन-विधि, वैक्सीन, सीरम, पेनिसिलीन, स्ट्रेप्टोमायोसीन, सल्फाश्रेणी की ओषधियाँ, ओषधिनिर्माण-विधि, ओषधि तथा व्याधियों की हिन्दी-अंग्रेजी नामावली, स्वास्थ्यविज्ञान, प्रसूतिचर्या, शिशुचर्या, रोगी-परिचर्या, शल्यकर्म-विधि, संज्ञाहरण-विधि, संज्ञाहारक ओषधियाँ, महामारी; जैसे हैजा, प्लेग का प्रतिबन्ध तथा चिकित्सा, चूर्ण, क्वाथ, मलहम, लिनिमेण्ट, एक्का, घोल, मिक्श्चर, पिल्स, टेब्लेट, सीरप तथा वर्ति आदि का निर्माण, चिकित्सा प्रारम्भ करने के नियम,

चिकित्सा-सम्बन्धी आवश्यक उपकरण, चिकित्सक के वैधानिक कर्तव्य तथा अधिकार, व्यवहारायुर्वेद, स्वास्थ्यविज्ञान तथा विषविज्ञान आदि का आयुर्वेदिक तथा एलोपैथिक पद्धतियों से वर्णन किया गया है। नाना प्रकार के स्नान, सेंक, मूत्रनिर्हरण, बस्ति, विसंक्रमण करने की विधि एवं जीवाणुनाशक ओषधियों का वर्णन भी यथास्थान किया गया है। इनके अतिरिक्त नेत्ररोग, कर्णरोग, कण्ठरोग, चर्मरोग, स्त्रीरोग, बालरोग तथा शारीरिक व्याधियाँ; जैसे गर्भपात, पाण्डु, संग्रहणी, अतिसार, प्रवाहिका, मलेरिया, कालाजार, रोमान्तिका, मसूरिका, श्वसनक ज्वर, टाइफाइड, फिरंग, पूयमेह, अजीर्ण, रक्तपित्त, राजयक्ष्मा, श्वास, कास, मूर्च्छा, अपस्मार, योषापस्मार, उदावर्त, शूल, गुल्म, वृक्करोग, मूत्राघात, अश्मरी, प्रमेह, शोथ, वृद्धि, श्लीपद, उन्माद तथा चर्मरोग प्रभृति नाना व्याधियों की उभय पद्धति के अनुसार योग, सूची तथा पेटेण्ट ओषधियों द्वारा विस्तार से चिकित्सा लिखी गई है। ये ओषधियाँ अनुभूत हैं जो विभिन्न चिकित्सकों के अनुभव से लाभप्रद सिद्ध हो चुकी हैं। इस संशोधित, परिवर्द्धित संस्करण को सभी प्रकार से परमोपयोगी बनाया गया है। इसकी महत्ता का जितना ही वर्णन किया जाय थोड़ा है।

+ आसवारिष्टसङ्ग्रहः

इस ग्रन्थ में प्राचीन और नवीन वैज्ञानिक विधि से आसव–अरिष्ट बनाने की विधि तथा गुण एवं तत्तत् रोगों में उनका प्रयोग तथा आसव–अरिष्ट सम्बन्धी अन्य अनेक बातें बड़ी उत्तम रीति से सरल भाषा में समझाई गई हैं। मूल्य १–७५

+ कम्पाउन्डरी-शिक्षा (सचित्र)

डा० आर० सी० भट्टाचार्य ए० एम० एस०

चिकित्सा करते समय नवीन चिकित्सक, परिचारक तथा कम्पाउन्डर को ऐसी बहुत सी आवश्यक बातें को समझना पड़ता है जिनका समावेश किसी एक पुस्तक में नहीं मिलता। इस दृष्टि को सामने रखते हुए डा० भट्टाचार्यजी ने इस पुस्तक में काफी विषयों का समावेश किया है, जिसमें से दवा बनाना, रोगी–परिचर्या (रोगी का स्नान, आहार, ताप लेना आदि), सूई लगाने की विधि, जीवाणु नाशक कार्य, विष चिकित्सा, मलेरिया, कालाजार आदि पचासों रोगों का वर्णन तथा मलमूत्रादि परीक्षा, पट्टी बांधना, चिकित्सा तथा असंख्य नुस्खे आदि हैं। लगभग १०० चित्र भी इसमें हैं। मूल्य ८–००

सचित्र—

स्वास्थ्यविज्ञान और सार्वजनिक आरोग्य

(सपरिष्कृत परिवर्धित चतुर्थ संस्करण)

डा० भास्करगोविन्द घाणेकर

प्रोफेसर, आयुर्वेदिक कालेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

मानव-मात्र के परमोपकार की दृष्टि से प्रकाशित प्रस्तुत पुस्तक के बहुसंख्यक तीन संस्करण देखते-देखते समाप्त हो गए, अतः निम्नाङ्कित विशेषताओं से विभूषित यह लोकोपकारक चतुर्थ संस्करण प्रस्तुत किया जा रहा है। इस संस्करण में सूक्ष्म दृष्टि से संशोधन करते हुए अनेक विषयों का परिवर्द्धन और रूपान्तरण किया गया है तथा मनःस्वास्थ्य और मनोविकार-प्रतिबन्धन जैसे महत्त्वपूर्ण नये विषय समाविष्ट किए गए हैं। विषय को सुस्पष्ट करने के लिये आयुर्वेद और प्राचीन प्रामाणिक ग्रन्थों के उद्धरण और तुलनात्मक टिप्पणियाँ अधिक संख्या में विस्तार पूर्वक दी गई हैं। स्थान-स्थान पर विषय से संबंधित अनेक आवश्यक चित्र भी दिए गए हैं। परिभाषा-सम्बन्धी कठिनाई दूर करने की दृष्टि से अंग्रेजी-हिन्दी कोष का रूप बदलकर हिन्दी-अंग्रेजी-शब्दकोष दे दिया गया है।

संक्षेप में हम यह कह सकते हैं कि स्वास्थ्य-रक्षा और व्याधि-निवारण जैसे जटिल विषय को मानव-मात्र के लिए सुलभ बनाने की दृष्टि से प्राचीन एवं अर्वाचीन सिद्धान्तों का समन्वय करते हुए सर्वबोध स्वास्थ्य-तत्त्व-परिज्ञान पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत करने का सुव्यवस्थित प्रयास किया गया है। इस प्रकार छात्रों और चिकित्सकों के लिए ही नहीं, मानव-मात्र के हित-सम्पादन के लिये इस पुस्तक में यथेष्ट उपादेय सामग्री भरी मिलेगी। नवीन ग्राहक तो सोत्साह इस संग्राह्य पुस्तक को अपनावें ही, प्राचीन ग्राहकों को भी इस विशिष्ट संस्करण से पूर्व की अपेक्षा अधिक लाभान्वित होना चाहिए।

नवीन चमकता टाइप, सफेद ग्लेज कागज, आधुनिक आकर्षक मनोरम जिल्द विभूषित पुस्तक का लागत मात्र मूल्य ७–५

रोगि-परीक्षा-विधि (सचित्र)

आचार्य प्रियव्रत शर्मा एम० ए०, ए० एम० एस०

रोगि-परीक्षा-विधि चिकित्सा-विज्ञान का प्रथम सोपान है। रोगी की पूर्ण परीक्षा किये बिना रोग का निर्णय ठीक-ठीक नहीं हो सकता फलतः चिकित्सा भी सफल नहीं हो सकती। ऐसे महत्त्वपूर्ण विषय पर अभी तक समन्वय प्रणाली से लिखे गए ग्रन्थ का अभाव चिरकाल से अनुभव किया जा रहा था। विद्वान् और अनुभवी लेखक ने अपने दीर्घकालीन अनुभव के आधार पर इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की रचना कर एक बड़े अभाव की पूर्त्ति की है। इस ग्रन्थ में आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दोनों पद्धतियों से रोगी-परीक्षा का पूर्ण विवरण दिया गया है जिससे दुरूह विषय भी करामलकवत् स्पष्ट हो गया है। प्रायः सभी स्थलों पर चित्रों को देकर विषय को और भी सरल तथा स्पष्ट रूप से समझाया गया है। मूल्य ६-००

स्त्री-रोग-विज्ञान (सचित्र)

डा० रमानाथ द्विवेदी एम० ए०, ए० एम० एस०

यह रचना आयुर्वेद के विद्यार्थियों अथवा सामान्य तथा सभी चिकित्साविज्ञान के अभ्यासी छात्रों के लिये अत्यन्त ही उपादेय है। पुस्तक को 'नातिसंक्षेप-विस्तर' लिखते हुए छः खण्डों में पूरे विषय का विभाजन किया गया है जैसे अंगव्यापद, रजोव्यापद, योनिव्यापद, उपसर्गव्यापद, अर्बुदव्यापद तथा शस्त्रकर्म। परीक्षा के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए विषय को ठोस लिखने का प्रयास किया गया है जिससे परीक्षार्थियों को सरलता से विषय ग्राह्य हो सके और परीक्षाकाल में उन्हें पूर्ण सफलता भी प्राप्त हो। साथ ही चिकित्सा का प्रकरण बहुत ही व्यावहारिक दृष्टि से लिखा गया है, जिससे साधारण चिकित्सक अपनी नित्य की चिकित्सा में समान भाव से पुस्तक को उपयोगी बना सके। पुस्तक की सर्वोपरि विशेषता उसकी समन्वयात्मक पद्धति का लेखन है जिसमें अत्यन्त प्राचीन काल के आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धान्तों और सूत्रों के उल्लेख से प्रारम्भ करके आधुनिक युग के नवीनतम आविष्कारों से प्रकाशित रोग-विज्ञान तथा चिकित्सा का संकलन हो गया है। इस एक पुस्तक के आधार पर ही आयुर्वेद-विद्यालयों में पाठ्य स्त्रीरोग-विज्ञान से सम्बद्ध प्राचीन तथा नवीन ज्ञातव्य विषयों का एकत्रीकरण सुलभ हो गया है। मूल्य ३-००

रोगीरोगविमर्श

डा० रमानाथ द्विवेदी एम० ए०, ए० एम० एस०

सहायक डिपुटी डायरेक्टर, स्वास्थ्यसेवा, यू० पी०, लखनऊ

पुस्तक का विषय नाम से ही स्पष्ट है। आतुरालय में रोगियों के इतिवृत्त विभिन्न स्थलों का प्रारम्भ कैसे किया जाय, किन किन बातों की जानकारी कि किन विशिष्ट प्रश्नों के द्वारा की जाय, तथा रोगी और रोग की परीक्षा किन विधि का अनुसरण करते हुए किया जाय, इत्यादि आधुनिक युग के चिकित्सा-विज्ञा की प्रमुख बातें इसमें प्राचीन शास्त्रों के आधार पर लिखी गई हैं। आधुनिक वैद्य चिकित्सकों तथा छात्रों के लिए बहुत ही उपादेय पुस्तक है। मूल्य २-०

सचित्र—

भैषज्य कल्पना विज्ञान

डा० अवध बिहारी अग्निहोत्री बी. ए., ए. एम. एस.

आयुर्वेदिक कालेज, हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

आयुर्वेदीय चिकित्सा-प्रणाली के अन्तर्गत आनेवाली भैषज्य-कल्पना सम्बन्धित सभी विधियों का सुगम तथा विशद वर्णन इस पुस्तक में सुन्दरता साथ किया गया है, जिसके अन्तर्गत आयुर्वेदीय तथा आधुनिक मान (मा भार व तौल), यन्त्रोपकरण, मूषा, पुट, कोष्ठी, मुद्रा, पञ्चविध कषाय कल्प (स्वरस, कल्क, क्वाथ, हिम, फाण्ट आदि), रसक्रिया (अवलेह), गुटिका, वटी, व स्नेहपाक, आसवारिष्ट, उपनाह, लेप, मलहम, क्षार आदि की कल्पना से सम्बन्धि विषयों को आधुनिक तथा प्राचीन चिकित्सा-प्रणालियों के समन्वयात्मक सिद्धा व विधियों के अनुसार अच्छी तरह समझाकर लिखा गया है। इन सब वि की जानकारी प्राप्त करने के लिए फिर किसी भी भैषज्य-कल्पना-ग्रन्थ को देखने आवश्यकता नहीं रह जाती। इस प्रकार राष्ट्रभाषा हिन्दी में लिखी गई, आयु के महत्त्वपूर्ण अंग पर यथोचित प्रकाश डालनेवाली यह पुस्तक भारतवर्ष के वि आयुर्वेदिक कालेजों के विद्यार्थियों, विद्वानों, वैद्यों, चिकित्सकों तथा साध गृहस्थों आदि के लिए अत्यधिक उपादेय है। मूल्य ५-

गर्भरक्षा तथा शिशु-परिपालन

डा० मुकुन्दस्वरूप वर्मा बी. एम्. सी., एम. बी. बी. एस्.

इस पुस्तक में गर्भ के प्रारम्भ से शिशु के जन्म के एक वर्ष पश्चात् तक की सभी घटनाओं का विशद वर्णन किया गया है। गर्भावस्था में गर्भ की रक्षा करने के लिए कौन-कौन काम किये जायँ, गर्भवती स्त्री की दिनचर्या उसका भोजन, निद्रा, व्यायाम, मानसिक कृत्य आदि पर लेखक ने पूर्ण प्रकाश डाला है तथा गर्भ की उपयुक्त वृद्धि के लिये जिन आयोजनों की आवश्यकता है उनका उपयुक्त वर्णन किया है। गर्भकाल में उत्पन्न होनेवाले रोग, प्रसव की कठिनाइयाँ, उनको दूर करने के उपाय, नवजात शिशु की देख-रेख, उसका पोषण, शारीरिक वृद्धि, अवस्था के अनुसार शिशु के आहार में परिवर्तन, ऊपरी दूध बनाना और पिलाना, शिशु के वस्त्र, उसका स्नान, व्यायाम आदि का पुस्तक में पूर्ण वैज्ञानिक विवेचन किया गया है। प्रथम वर्ष में शिशुओं को होनेवाले जिन रोगों के कारण उनकी एक बहुत बड़ी संख्या जीवन के प्रथम वर्ष में ही अपनी लीला समाप्त कर देती है, उनका भी उपयुक्त विवेचन करते हुए उनकी चिकित्सा का वर्णन किया गया है।

पुस्तक प्रत्येक परिवार के लिए अत्यन्त उपयोगी है। गर्भवती स्त्रियों के लिये यह अमूल्य पथप्रदर्शक तथा पद-पद पर उत्पन्न होनेवाली आपत्तियों एवं बाधाओं से रक्षा करने में अनुपम सहायक है।

मानव-जीवन की महत्ता देखते हुए विषय की उपयोगिता स्वयं स्पष्ट हो उठती है। गर्भ एवं शिशु अवस्था में अतिशय कोमल, अबोध तथा सुकुमार मानव की देख-भाल या पालन-पोषण करने वाले माता-पिता या संरक्षकों में से एक प्रतिशत को भी इस विषय की पूरी जानकारी नहीं होती। फलतः गर्भ एवं शिशु अवस्था में की गई थोड़ी-सी भी उपेक्षा मानव का संपूर्ण जीवन दुर्बल तथा अभावग्रस्त बना देती है। कहा गया है—मूर्ख मित्र, शत्रु से अधिक घातक होता है। आज के अधिकांश भारतीय माता-पिता अपनी सन्तति के ऐसे ही मित्र हैं। उन्हें माता-पिता बनने से पूर्व अपनी सन्तति के हित की दृष्टि से इस पुस्तक का अवश्य अवलोकन करना चाहिये।

कागज, छपाई, गेटअप आदि आधुनिकतम। मूल्य ४—५०

एलोपैथिक मिक्श्चर्स

प्रस्तुत पुस्तक में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों पर अनुभूत तथा स्थान-स्थान पर आयुर्वेदज्ञों द्वारा प्रयुक्त सैकड़ों श्रेष्ठ मिश्रण दिये गये हैं। निदान एवं चिकित्सा की सुविधा के लिए प्रत्येक रोग के प्रारम्भ में सामान्य लक्षण एवं मिश्रणों को विशिष्ट क्रम से रखा गया है। रोग की किस अवस्था में किस मिश्रण का प्रयोग करना चाहिए यह स्पष्ट शब्दों में लिखा गया है। आवश्यक स्थानों पर आधुनिकतम इंजेक्शन के प्रयोग, मात्रा विधि आदि का स्पष्ट निर्देश है। रोगों की विशिष्ट-चिकित्सा का यथास्थान वर्णन है। जिन रोगों का प्रकोप जितना अधिक होता है उनकी चिकित्सा भी उतने ही विस्तार से लिखी गई है, जैसे—मलेरिया, टायफाइड, राज यक्ष्मा आदि। संक्षेप में चिकित्सा के सभी उपायों का वर्णन है। इस एक पुस्तक को सदैव साथ रखने से रोग की किसी भी अवस्था में उचित चिकित्सा निर्देश प्राप्त हो सकते हैं। मिश्रणों के निर्माण की विधि, स्थान, उपकरण आदि तथा कम्पाउण्डर के जानने योग्य सभी आवश्यक बातों का समावेश एक पृथक् अध्याय में कर दिया गया है। मूल्य २-०

शिलाजीत विज्ञान

'शिलाजीत-विज्ञान' में भेदोपभेद एवं सूक्ष्म विश्लेषण सहित शिलाजीत का विशद परिचय, शोधन, परीक्षण, सामान्य और विशेष प्रयोग-विधि, शिलाजीत से निर्मित होनेवाले कुछ महत्त्वपूर्ण अनुभूत योग, कुछ विशिष्ट रोगों में शिलाजीत के प्रयोग की चमत्कारिता आदि सब ज्ञातव्य विषयों का समावेश है। यह एक ही ओषधि अनुपान भेद से अनेक व्याधियों को नष्ट कर सकती है। ऐसी उपादेय ओषधि का सामान्य एवं विशेष ज्ञान प्राप्त करना मनुष्यमात्र के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण है और वह इसी एक पुस्तक से भलीभाँति प्राप्त हो सकता है। ०-

रसशास्त्र विषयावरील अभिनव ग्रन्थ—

+ रस धातु प्रकाश (१-२ भाग संस्कृत-मराठी)

पंचकर्म युक्त अभिनव चिकित्सा। वैद्य दा० मुळे मूल्य १२-

हैजा (विसूचिका) चिकित्सा

इस पुस्तक में हैजा का इतिहास, व्याख्या, कारण, मरकविज्ञान, वक्राणुओं के विषय में जानकारी, लक्षण, रोगक्रम, उपद्रव, निदान, सापेक्षनिदान, साध्यासाध्यता, मृत्यूत्तर रूप, संपूर्ण चिकित्साक्रम, रोग से बचने के उपाय तथा मरक न फैलने के उपाय, अन्यान्य उपचार, पथ्यापथ्य एवं भावी योजना आदि पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर विशद वर्णन किया गया है। कुछ अनुभूत नवीन पेटेण्ट ओषधियों का भी वर्णन किया गया है। पुस्तक सर्वसाधारण के लिए अत्यन्त उपादेय है।

मूल्य ०–७५

+ सन्दिग्ध द्रव्यविज्ञान

जिसे आयुर्वेद महाविद्यालय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अध्यापक आयुर्वेदाचार्य श्री पं० राजितराम पाण्डेय ए. एम. एस. की सफल लेखनी ने प्रथम बार प्रकट किया है।

पुस्तक में संक्षिप्त सारगर्भित भाषा में आयुर्वेद की २५ सन्दिग्ध वनस्पतियों पर प्रकाश डाला गया है। पुस्तक द्रव्यगुण के विद्यार्थियों, अध्यापकों और शोधकों के लिए पठनीय तथा संग्रहणीय है।

मूल्य १–५०

+ चिकित्सादर्श

[औषध-व्यवस्था-लेखन अर्थात् नुसखानवीसी का अनुपम और अभूतपूर्व ग्रन्थ]

वैद्य पं० राजेश्वरदत्त शास्त्री

आयुर्वेदशास्त्राचार्य, डी. एस. सी. (आयुर्वेद)

प्रिंसिपल आयुर्वेदिक कालेज, सुपरिंटेंडेंट व प्रधान चिकित्सक

सर सुन्दरलाल हास्पिटल, बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी

उक्त ग्रन्थ में अनुभवी विद्वान् लेखक ने आतुरालयस्थ रोगियों पर ३० वर्ष से प्रयुक्त अनुभूत औषध, योग, चिकित्सापद्धति और पथ्यापथ्य का वर्णन विशद रीति से किया है तथा रोगों के लक्षण व भेद भी लिखे हैं। पुस्तक चिकित्सकों तथा आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिये अत्युपयोगी है। १–२ भाग

मूल्य १०–५०

पञ्चविध कषाय-कल्पना विज्ञान

आयुर्वेदाचार्य—

डा० अवध बिहारी अग्निहोत्री ए. एम. एस.

प्रोफेसर, आयुर्वेदिक कालेज, हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

इस पुस्तक में आयुर्वेदीय चिकित्सा प्रणाली के प्रारम्भिक, अत्यन्त महत्वपूर्ण तथा उपादेय विषय 'पंचविधकषायों' अर्थात् स्वरस, कल्क (शुष्क कल्क अथवा चूर्ण), कषाय (क्वाथ), हिम तथा फाण्ट आदि की कल्पनाओं तथा इन्हीं कषायों के अन्तर्गत आनेवाले तण्डुलोदक, यूषरस, मांसरस, यवागू, मण्ड, पेया, विलेपी आदि उपकषायादिकों का प्राच्य, पाश्चात्य तथा यूनानी मतानुसार, विशदतापूर्वक विवेचन किया गया है। यही नहीं, प्रचलित तथा प्रसिद्ध आयुर्वेदीय स्वरस, कल्क, चूर्ण, क्वाथ, हिम, फाण्टादिकों की कल्पना-विधि तथा उनके गुणों व प्रयोग आदि का वर्णन भी सरल तथा सरस भाषा में किया गया है। यह पुस्तक भारतवर्ष के सभी आयुर्वेदिक कालेजों के द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के छात्रों के 'भैषज्य-कल्पना' विषय के एक अत्यन्त आवश्यक तथा महत्वपूर्ण अंग पर लिखी होने के कारण बड़ी ही महत्वपूर्ण तथा उपादेय है। विभिन्न कषायों की निर्माणविधि प्रयोगात्मक ढंग से भी दी गई है। आधुनिक छात्रों, ग्रामीण वैद्यों, नगर के अल्पानुभवी तथा प्रारम्भिक चिकित्सकों एवं सभी गृहस्थों के लिये अत्यन्त उपादेय पुस्तक है। मूल्य १–५०

स्टेथिस्कोप तथा नाड़ीपरीक्षा (सचित्र)

इस पुस्तक में स्टेथिस्कोप की बनावट, प्रकार, परीक्षा, श्वास-प्रश्वास की ध्वनियों का वर्णन, फुफ्फुस, रक्तसंवहन, हृदय का कार्य, कपाटों की विकृति आदि तथा नाड़ीपरीक्षा सम्बन्धी सभी ज्ञातव्य विषयों का वर्णन बड़े ही मनोयोग से किया गया है। काशी हिन्दूविश्वविद्यालय के अध्यापक एवं चिकित्सकों के सहयोग से निर्मित यह पुस्तक बेजोड़ है। मूल्य ०–७५

सुसंस्कृत ! प्रामाणिक !! संस्करण !!!

भेलसंहिता

सम्पादक—

पं० गिरिजादयालु शुक्ल एम. ए., ए. एम. एस.

प्रिन्सिपल, स्टेट आयुर्वेदिक कालेज, लखनऊ

आयुर्वेद के इस परम प्राचीन एवम् अप्राप्य ग्रन्थ के प्रस्तुत सुसंस्कृत संस्करण को देख कर पाठकों को निःसन्देह अपार हर्ष होगा। इस ग्रन्थ में जो त्रुटित अंश थे उन्हें यथाशक्ति (कोष्ठक के अंतर्गत) सुसंस्कृत करने का अथक श्रम किया गया है एवं योग्य सम्पादक ने प्रायः सभी संदिग्ध स्थलों पर टिप्पणी द्वारा विषय का स्पष्टीकरण भी कर दिया है। इस प्रकार आधुनिक दृष्टिकोण से समुचित सम्पादन द्वारा सर्वथा अभिनव रूप में यह संस्करण प्रकाशित किया गया है। आशा है पाठकों को इस दुर्लभ ग्रन्थ के सुचारु संपादन से अत्यधिक लाभ और प्रसन्नता होगी। छपाई, कागज, गेट अप आदि आधुनिकतम। मूल्य १०-००

चरक तथा काश्यपसंहिता का निर्माण-काल

वैद्य श्री रघुवीरशरण शर्मा

प्रस्तुत पुस्तक में अग्निवेश, जतूकर्ण, पराशर, पुनर्वसु आत्रेय, निमिविदेह, गान्धार नग्नजित, कृष्णद्वैपायन व्यास आदि के जीवन-काल के निर्णय के द्वारा चरकसंहिता तथा काश्यपसंहिता के निर्माण काल पर यथेष्ट प्रकाश डाला गया है। ग्रन्थ की विस्तृत भूमिका में एक प्रकार से आयुर्वेद का व्यवस्थित इतिहास ही उपस्थित कर दिया गया है। ऋषियों के नामों के विषय में प्रचलित सारा मतभेद इस एक ही पुस्तक के पढ़ने से लुप्त हो जायगा। पुरातत्त्ववेत्ताओं एवं तद्विषयक शोधकर्ताओं तथा आयुर्वेद के इतिहास को इस पुस्तक से प्रचुर सामग्री प्राप्त होगी। पुस्तक अपने विषय की अनूठी है। इसे देखने पर ही लेखक के श्रम का अनुमान किया जा सकता है। मूल्य २-००

यू० पी० इण्डियन मेडिसिन बोर्ड द्वारा पाठ्य–स्वीकृत

अगद-तन्त्र

आयुर्वेदबृहस्पति डा० रमानाथ द्विवेदी एम. ए., ए. एम. एस.

'अगदतन्त्र' उस तन्त्र का नाम है जिसमें सर्प, कीट, लूता, मूषकादि जंगम प्राणियों के दंश तथा नाना प्रकार के स्थावर और जंगम विषों के अन्तःप्रयोग से उत्पन्न होने वाले लक्षणों के ज्ञान, निदान एवं उपशम के उपायों का वर्णन हो। इस विषय का मूल स्रोत चरक, सुश्रुत, वाग्भट, भावप्रकाश, शार्ङ्गधर, वसवराजीय आदि प्राचीन वैद्यक ग्रन्थों में निहित है। उन सभी ग्रन्थों का सारभूत यह अभिनव प्रकाशित ग्रन्थ रजिस्टर्ड चिकित्सक, घर का वैद्य—डाक्टर तथा जन साधारण के लिये भी समान रूप से उपयोगी है। नवीन वैज्ञानिक विधि से विषघ्न औषधों का निर्माण प्रकार तथा साधन का अभाव होने पर सर्पादि के घातक विषों की प्राकृतिक चिकित्सा का भी इस ग्रन्थ में उल्लेख किया गया है। यह ग्रन्थ छात्र, चिकित्सक तथा जन-समुदाय, सभी के लिये अत्यन्त उपादेय है। मूल्य ०–७५

बिहार संस्कृत समिति द्वारा पाठ्य स्वीकृत—

अञ्जननिदानम्

सान्वय 'विद्योतिनी' हिन्दी टीका सहित।

यह ग्रन्थ आयुर्वेद शास्त्र में निदान के लिये श्रेष्ठ माना जाता है। विहार के नवीन पाठ्यक्रम में निर्धारित होने से हमने इस ग्रन्थ को सुन्दर प्रामाणिक परीक्षोपयोगी हिन्दी टीका के साथ प्रकाशित किया है। मूल्य १–००

अष्टाङ्गहृदयम् (गुटका)

'भागीरथी' टिप्पणी सहित

इस बार यह द्वितीय संस्करण अधिक परिष्कृत करके छापा गया है। आयुर्वेदाचार्य पं० तारादत्त पन्त विरचित इसकी 'भागीरथी' टिप्पणी की विशेषता यही है कि छपते ही प्रथम संस्करण हाथों हाथ बिक गया। इस बार चमकते हुए नये टाईप और सुन्दर सफेद ग्लेज कागज में इसका जेबी गुटका संस्करण और भी मनोरम हो गया है। मूल्य ४–००

आयुर्वेदप्रकाशः

'अर्थविद्योतिनी' 'अर्थप्रकाशिनी' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्या सहित

व्याख्याकारः **श्री गुलराजशर्मा आयुर्वेदाचार्य**

आयुर्वेद-साहित्य में श्रीमाधव उपाध्याय द्वारा विरचित इस ग्रन्थ का महत्त्व पाठकों से अविदित नहीं है। प्रस्तुत संस्करण में इसकी संस्कृत टीका में बहुत कुछ संशोधन-परिवर्द्धन किया गया है तथा हिन्दी टीका में तो विशिष्ट रूप से परिवर्त्तन तथा परिवर्धन किया गया है। आयुर्वेद का रहस्य इस ग्रन्थ की सुबोध पंक्तियों में बिखरा पड़ा है। चिकित्सक, छात्र तथा आयुर्वेद-प्रेमियों के लिए यह अवश्य संग्रहणीय मननीय ग्रन्थ है। मूल्य १२-५०

आयुर्वेद की कुछ प्राचीन पुस्तकें

प्रियव्रत शर्मा

तृतीय पञ्चवर्षीय योजना के अन्तर्गत आयुर्वेदिक अनुसंधान में वाङ्मय-शोध का भी स्थान है। इसका श्रीगणेश एक नया-सा कार्य है, अतः आयुर्वेद के लिये ही मानो जीवन धारण करने वाले विज्ञ लेखक ने मार्गप्रदर्शन के हेतु नमूने के रूप में इस विवरणपुस्तिका में लगभग २५ आयुर्वेदिक ग्रन्थों के वाङ्मय-शोध का विवरण प्रस्तुत किया है। वाङ्मय-शोध-क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को इससे निश्चय ही दिशा-निर्देश प्राप्त होगा। मूल्य १-००

सामान्य रोगों की रोक थाम

डा० प्रियकुमार चौबे

रोगों की चिकित्सा कराने से अच्छा है रोग उत्पन्न ही न होने देना। यह तभी सम्भव है जब रोगों के प्रतिषेधात्मक उपायों और उनके प्रयोग का ज्ञान सदा सबको रहे। साधारण पठित मानव मात्र को यह उपादेय ज्ञान सुलभ कराना ही प्रस्तुत पुस्तक की रचना का उद्देश्य है।

इसमें सभी सामान्य रोगों का परिचय, सामान्य लक्षण तथा उनसे बचने के उपायों का अत्यन्त सरल हिन्दी भाषा में विवेचन किया गया है। यथास्थल अनेक चित्र भी दे दिए गए हैं। इस प्रकार स्वास्थ्य-रक्षाकी दृष्टि से चिकित्सक, छात्रगण, गृहस्थ आदि तथा सामान्य पठित मानवमात्र के लिये भी यह पुस्तक परम उपयोगी है। व्यक्तिमात्र के पास इस पुस्तक की एक प्रति अवश्य रहनी चाहिए। मूल्य ३-५०

अष्टाङ्गसंग्रहः

'अर्थप्रकाशिका' हिन्दी टीका तथा विशेष वक्तव्य सहित ।

टीकाकार—आयुर्वेद बृहस्पति श्री गोवर्धन शर्मा जी छांगाणी ।

भूमिका लेखक—आयुर्वेद-बृहस्पति श्री यादवजी त्रिकमजी आचार्य

छांगाणी जी की विद्वत्ता आयुर्वेद जगत में प्रसिद्ध है । अतः उनकी टीका की प्रशंसा करना सूर्य को दीपक दिखाना है । फिर भी मैं इतना अवश्य कहूंगा कि छांगाणी जी की इस कृति से अष्टांगसंग्रह के जिज्ञासुओं का ही नहीं प्रत्युत आयुर्वेद जगत का महान् उपकार हुआ है । टीका के साथ २ विशेष वक्तव्य में छांगाणी जी ने स्वानुभूत योगों का भी अधिकतर उल्लेख कर दिया है जो विद्यार्थी तथा चिकित्सकों के लिये अत्यन्त उपादेय है । **सूत्रस्थान ८—००**

बिहार संस्कृत समिति मध्यमा परीक्षा पाठ्य स्वीकृत—

आयुर्वेदविज्ञानम्

सटिप्पण विद्योतिनी हिन्दी टीका बृहत् परिशिष्ट सहित

यह निदान चिकित्सा का बड़ा ही उपयोगी ग्रन्थ है । इसकी टीका में रोगों का विशेष भाषाओं-अंग्रेजी-हिन्दी-यूनानी-संस्कृत आदि-में नाम और पारिभाषिक शब्दों तथा अन्य रोगों का विशेष विचरण भी दे दिया गया है । आयुर्वेद के छात्रों तथा नवीन चिकित्सकों के लिये बड़ी उपयोगी पुस्तक है । **मूल्य २—००**

इण्डियन मेडिसिन बोर्ड यू० पी० द्वारा स्वीकृत पाठ्य-पुस्तक—

आयुर्वेदीय परिभाषा

अभिनव-प्रकाशिका-हिन्दी टीका विस्तृत परिशिष्ट सहित ।

टीकाकार—आयुर्वेदाचार्य श्रीगिरिजादयालु शुक्ल ए. एम. एस.

यह ग्रन्थ सभी आयुर्वेद विद्यापीठ, कालेज, विश्वविद्यालय आदि के पाठ्यक्रम में निर्धारित है । प्रस्तुत पुस्तक में सरल हिन्दी टीका के साथ साथ वक्तव्य में अन्य सभी उपयोगी विषयों पर अच्छा प्रकाश डाला गया है । प्राचीन मानों का नवीन मान से समन्वय कर कुछ अन्य आवश्यक परिभाषाओं का भी परिशिष्ट में समावेश कर दिया गया है । **द्वितीय संस्करण मूल्य १—२५**

इण्डियन मेडिसिन बोर्ड यू० पी० द्वारा पाठ्य स्वीकृत—

अभिनव-शरीरक्रियाविज्ञान (सचित्र)

आचार्य श्री प्रियव्रत शर्मा एम. ए., ए. एम. एस.

प्रोफेसर, आयुर्वेदिक कालेज, हिन्दूविश्वविद्यालय, काशी

भारतवर्ष के प्रायः सभी आयुर्वेद महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार लगभग २५ वर्षों से अर्वाचीन शरीरक्रियाविज्ञान का पठन-पाठन चलता आ रहा है और इधर मेडिकल कालेजों में हिन्दी माध्यम का प्रवेश होने जा रहा है। किन्तु अभी तक इस विषय की कोई ऐसी पुस्तक हिन्दी में नहीं थी जिसमें आधुनिक शरीरक्रियाविज्ञान के संपूर्ण विषयों का वैज्ञानिक शैली से संकलन किया गया हो। कुछ पुस्तकें तो इस विषय से अनभिज्ञ जनों को मनोरञ्जन के व्याज से प्रारम्भिक ज्ञान देने के उद्देश्य से बनाई गई थीं और कुछ नव-प्रकाशित ग्रन्थों में प्राचीन और नवीन दोनों विषयों को एक ही साथ भर देने के प्रलोभन में शैली ऐसी क्लिष्ट और विषय ऐसा दुरूह बना दिया गया कि साधारण विद्यार्थी-समाज तथा जिज्ञासुवर्ग उससे लाभ नहीं उठा सके। पठन-पाठन के क्रम में इन्हीं व्यावहारिक कठिनाइयों का अनुभव करके अधिकारी लेखक ने इस महत्वपूर्ण विषय पर लेखनी उठाई और कहने की आवश्यकता नहीं कि उनकी यह रचना छात्रों और चिकित्सकों के लिए नितान्त सन्तोषजनक सिद्ध हुई है। वैज्ञानिक पुस्तकों की तरह विषय-ज्ञान को अधिक स्पष्ट करने के लिए सैकड़ों चित्र स्थान २ पर लगा दिए गए हैं। इस विषय के जिज्ञासु इस संशोधित परिवर्द्धित संस्करण से विशेष लाभान्वित होंगे। छपाई, कागज, गेटअप आदि सभी सुन्दर है। मूल्य १०-००

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

सचित्र

अभिनव विकृतिविज्ञान

{A Text Book of Pathology—Ancient & Modern}

[पाश्चात्त्य तथा आयुर्वेदीय वैकारिकी का पाठ्यग्रन्थ]

आयुर्वेदाचार्य पं० रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी ए. एम. एस.

आयुर्वेदानुसन्धान-सचिव तथा प्राध्यापक आयुर्वेद कालेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

पृष्ठसंख्या लगभग १२००, खोजपूर्ण अध्याय १५, सहस्रों उद्धरण—हिन्दी के पारिभाषिक शब्दों के साथ साथ आंग्लपर्याय—सैकड़ों वैज्ञानिक चित्र, मञ्जुल मुद्रण, डिमाई अठपेजी बड़ी साइज, मोटा ग्लेज कागज, विलायती कपड़े की पक्की जिल्द, आधुनिक आकर्षक आवरण से विभूषित। मूल्य २२-००

कौमारभृत्य, राजकीय ओषधि-योग-संग्रह आदि ग्रन्थों के यशस्वी लेखक स्वर्णपदक-प्राप्त आचार्य रघुवीरप्रसादजी त्रिवेदी की अमर कृति अब बड़े सजधज के साथ छप चुकी है। विकृति-विज्ञान (पैथालोजी) का विषय कितना दुरूह है यह इसी से ज्ञात होता है कि अभी तक इस विषय पर किसी विद्वान् ने हिन्दी में लेखन का साहस नहीं किया है। अँगरेजी में भी भारतीय विद्वानों की इस विषय पर बहुत कम पुस्तकें हैं। विकृति-विज्ञान माडर्न मैडिकल साइन्स में एक आधार-स्तम्भ का कार्य करता है। इसका समीचीन ज्ञान बिना हुए आधुनिक चिकित्सापद्धति के रहस्यों का ज्ञान नहीं किया जा सकता।

इस विशाल ग्रन्थ में न केवल पाश्चात्य विकृतिविज्ञान का विस्तृत वर्णन है अपितु आयुर्वेदीय वैकारिकी के भी स्वतन्त्र अध्याय लिखकर इसे सर्वाङ्गसुन्दर कर दिया गया है। सभी दृष्टि से यह अपने विषय की प्रथम पाठ्य-पुस्तक है।

आचार्य त्रिवेदीजी ने वर्षों परिश्रम करके सुललित भाषा में स्थान-स्थान पर आयुर्वेदीय अंश की पूर्ति करते हुए सर्वथा नवीन रूप में विषय को उपस्थित करने में पूर्ण सफलता प्राप्त की है। इस पुस्तक के प्रकाशन से आधुनिक भारतीय चिकित्सा के विद्यार्थियों के एक बहुत बड़े अभाव की पूर्ति हो गई है। आचार्य तथा एम० बी० बी० एस० परीक्षा के अन्तिम वर्ष के छात्रों, विद्वानों, वैद्यों तथा डाक्टरों के लिए पुस्तक परमोपादेय सिद्ध होगी।

आयुर्वेद के महारथी विद्वानों ने इस ग्रन्थ से प्रभावित होकर अपने अपने

जो उद्गार प्रकट किये हैं, उनका सारांश संक्षेप में दिया जाता है :—

……इस ग्रंथ के लेखक वैद्यराज श्रीरघुवीरप्रसाद जी त्रिवेदी भारत की सर्वोच्च आयुर्वेदीय शिक्षासंस्थाओं में से एक के प्राध्यापक हैं अतएव विद्यार्थियों की वर्तमान आवश्यकता को भली भाँति समझकर पाश्चात्त्य तथा आयुर्वेदीय विकृतिविज्ञान के सर्वांगपूर्ण विशालकाय इस स्तुत्य ग्रन्थ को लिखकर आपने चिकित्सक संसार के समक्ष उपस्थित किया है।……यह ग्रन्थ न केवल आयुर्वेदिक छात्रों के लिये ही लाभप्रद होगा अपितु आधुनिक विज्ञान के लिये भी अधिक उपादेय होगा…… —**डा० प्राणजीवन मेहता**

……त्रिवेदी जी मेरे शिष्यों में अन्यतम हैं। आप योग्य अध्यापक तथा आयुर्वेद के महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों के कुशल लेखक भी हैं। आपके द्वारा लिखित प्रस्तुत नवीन ग्रन्थ अनेक विशिष्टताओं से युक्त है। हिन्दी में आजतक विकृतिविज्ञान जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर कोई प्रामाणिक ग्रन्थ नहीं था। अपने विषय का हिन्दी में यह प्रथम ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। इसमें पाश्चात्त्य विकृतिविज्ञान के साथ ही आयुर्वेदीय विकृतिविज्ञान का भी विशद वर्णन है…… —**डॉ० भास्करगोविन्द घाणेकर**

……प्रस्तुत ग्रन्थ में सिद्धहस्त लेखक ने पैथालोजी (सामान्य और विशिष्ट) विषय का इस कौशल से विवेचन किया है कि पूरा विषय भेदरहित होकर एक हो गया है। स्थान-स्थान पर आयुर्वेदिक वैकारिकी के साथ उसकी तुलना और विषय का स्पष्टीकरण ऐसी सरलता के साथ किया गया है कि कहीं भी दुर्बोधता नहीं प्रतीत होने पाती। शैली इतनी रोचक है कि जान पड़ता है मानो वैज्ञानिकता ने प्रगति-पथ पर किसी साहित्यिक का योग पा लिया हो। सभी विषय अबतक के खोजपूर्ण ज्ञान से ओतप्रोत दिखाई पड़ते हैं……

—**डा० शिवनाथ खन्ना**

इण्डियन मेडिसिन बोर्ड यू० पी० की प्राणाचार्य परीक्षा में आलोच्य व सहायक स्वीकृत ग्रन्थ—

अभिनव बूटीदर्पण सचित्र

सम्पादक : 'रूपनिघण्टुकार' श्रीयुत रूपलालजी वैद्य, वनस्पति-विशेषज्ञ

सहज में स्पष्ट पहचानने योग्य चित्रों के साथ प्रकाशित इस ग्रन्थ में आज तक के प्रकाशित जड़ी-बूटियों के विषय को भली भांति परिमार्जित करने तथा नवीन अनुभव सम्मिलित करने के साथ २ अन्य सन्दिग्ध बूटियों पर भी अच्छा प्रकाश डाला गया है, साथ ही इसमें प्रत्येक रोग पर बूटियों का प्रयोग नम्बर भी बतला दिया है जिससे साधारण जन भी किस रोग पर किन किन बूटियों का कैसे प्रयोग हो सकता है ज्ञात कर प्रयोग द्वारा सफल चिकित्सा कर लाभ उठा सकते हैं। इसकी प्रशंसा स्वयं क्या लिखी जावे, ग्रन्थ हाथ में आनेपर आप स्वयं प्रशंसा किये विना नहीं रहेंगे। मूल्य १०—००

संशोधित ! परिवर्द्धित ! परिष्कृत द्वितीय संस्करण

अष्टाङ्गहृदयम्

'विद्योतिनी' हिन्दीटीका 'वक्तव्य' परिशिष्ट सहित

टीकाकार—कविराज श्री अत्रिदेव गुप्त विद्यालङ्कार

परिष्कर्ता—वैद्य श्री यदुनन्दन उपाध्याय बी. ए., ए. एम. एस.

चिकित्सक तथा अध्यापक—

सर सुन्दरलाल आतुरालय, काशी हिन्दूविश्वविद्यालय

बम्बई सरकार ने शुद्ध आयुर्वेद का जो नया पाठ्यक्रम चलाया है उसमें य पुस्तक पाठ्यक्रम में सम्पूर्ण रूप से रखी गयी है। टीकाकार ने सर्वाङ्गसुन्द आयुर्वेदरसायन, तत्वबोध, पदार्थचन्द्रिका आदि मुद्रित-अमुद्रित अनेक टीकाओं आधार पर ही इस सुविस्तृत टीका की रचना की है। इसके विशेष वक्तव्य उपर्युक्त सभी टीकाओं का सारांश प्रायः सब आ गया है।

द्वितीय संस्करण की विशेषताएँ

इस संस्करण की व्याख्या में चिकित्सा-जगत् में हुई नवीन खोजों के आध पर निदान एवं चिकित्सा-संबंधी अनेक उपयोगी विषय भी बढ़ाए गए हैं। समन्वयवादी दृष्टिकोण से उनका यथार्थ गुण-दोष विवेचन किया गया है।

प्रथम संस्करण के वक्तव्यों को भी इस बार उपाध्याय जी ने अपने अद्याव की चिकित्सा तथा पठन-पाठन के रहस्यानुभवों से संशोधित, परिवर्धित का छात्रों एवं अध्यापकों के हित की दृष्टि से बहुत ही उपादेय बना दिया है।

ग्रन्थ मुद्रित हो जाने पर भी श्री उपाध्यायजी जिन परमोपयोगी विषयों उपन्यस्त करने का लोभ नहीं संवृत कर सके उन्हें परिशिष्ट में दे दिया गया है पाठक सोच सकते हैं कि परिशिष्टगत विषयों की उपयोगिता क्या होगी।

इस प्रकार यह सर्वाङ्गसुन्दर संस्करण पाठकों की सेवा में प्रस्तुत है। निश्चि हो इससे छात्राध्यापकों, चिकित्सकों तथा आयुर्वेदानुरागियों का समान रूप हित होगा।

सुन्दर आकार-प्रकार, नवीन चमकते टाइप, सफेद मोटा चिकना काग पक्की मनोहर जिल्द आदि से अलंकृत विशालकाय इस द्वितीय संस्करण का मू प्रथम संस्करण से भी अल्प अर्थात् १५—०० कर दिया गया है

शास्त्रीय विवेचन एवं व्यावहारिक चिकित्सा-विषयक सर्वोत्तम ग्रन्थ-

काय-चिकित्सा

गंगासहाय पाण्डेय, ए. एम. एस.

प्रोफेसर, आयुर्वेदिक कालेज, हिन्दूविश्वविद्यालय, काशी

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने प्राचीन चिकित्सा के सिद्धान्तों का पूर्ण विवेचन करने के साथ व्यवहारोपयोगी सभी अनुभवसिद्ध सामग्री संगृहीत की है। प्रारंभ में आयुर्वेदीय रोगीपरीक्षा के प्रकीर्ण सूत्रों को शृङ्खलित कर दोष एवं औषध के निरूपण की प्राचीनों की सूक्ष्म से सूक्ष्मतम विचारणा, प्रकृति-विकृति विज्ञान, नाड़ी, मूत्र, मल, जिह्वा आदि की विशिष्ट परीक्षण पद्धति, परिप्रश्न, प्रत्यक्ष, अनुमान के द्वारा षडङ्ग परीक्षण, दोषों की विशिष्ट अवस्थायें और चिकित्सोपयोगी अंशांश विकल्पना आदि परमोपयोगी विषयों का वर्णन किया गया है। आयुर्वेद के दुरूह सिद्धान्तों को बहुत ही स्पष्ट शैली में अभिव्यक्त किया गया है। प्राच्य विषयों के अतिरिक्त नवीन पद्धति से रोगी-परीक्षा क्रम को भी पर्याप्त विस्तार से वर्णित किया गया है। रोग एवं उनके उपद्रव, अरिष्ट तथा साध्यासाध्यता के सामान्य सर्वमान्य सूत्र विस्तारपूर्वक वर्णित हैं। इस प्रकार रोग विनिश्चय तथा चिकित्सोपयोगी व्यापक वर्णन के उपरान्त चिकित्सा के उपक्रम तथा उनकी प्रयोग विधि का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। लंघन, पाचन, स्वेदन, स्नेहन, शिरोविरेचन, अनुलोमन, वस्तिप्रयोग, शीतोपचार, परिचर्या, पथ्यनिर्माणविधि, संसर्जनक्रम तथा दोषावसेचन आदि सभी व्याधियों में उपयोगी उपक्रमों का सोदाहरण विस्तृत विवेचन किया गया है। बालरोग तथा स्त्रीरोग-परीक्षणक्रम का स्वतन्त्र रूप में निर्देश किया गया है। दैनिक मिलने वाले अनिद्रा, प्रलाप, आध्मान, कास, शिरःशूल, वमन आदि विशिष्ट लक्षणों की रामबाण लाक्षणिक चिकित्सा का विस्तारपूर्वक प्रारंभ में वर्णन किया है। आजकल शुल्वौषधियों (Sulpha Drugs) तथा प्रतिजीवक द्रव्यों (Arhvictics) का बहुत प्रयोग होता है। अतः बहुत विस्तार से इनका गुण-प्रयोग, विशेष निर्देश, पृथक् पृथक् रोगों में प्रयुक्त मात्रा आदि सभी आवश्यक विषयों का वर्णन है। प्राच्य-पाश्चात्य मतों के आधारपर प्रत्येक रोग का पूर्ण परिचय, निदान, पूर्वरूप, रूप, उपशय, सम्प्राप्ति, उपद्रव अरिष्ट आदि का संक्षेप में वर्णन है। चिकित्सा का वर्णन बहुत विस्तार से किया गया है। रोग का

किस अवस्था में कौन सी औषधि किस अनुपान से देनी चाहिये, पथ्यापथ्य आदि की क्या व्यवस्था होनी चाहिये, और उपद्रव होने पर अथवा आत्ययिक स्थिति की पूर्ण व्यवस्था आदि विषयों का विशद विवेचन कर केवल अनुभवसिद्ध चिकित्सा-विधि लिखी गई है। व्याधि की तीव्रावस्था तथा जीर्णावस्था की चिकित्सा का पृथक् वर्णन किया गया है। प्रत्येक रोग के उग्र लक्षणों की शामक चिकित्सा तथा संभाव्य उपद्रवों की पूर्ण व्यवस्था का विस्तारपूर्वक पृथक् वर्णन किया गया है। रोग प्रतिकार (Prophylaxis) एवं बलाधान सम्बन्धी व्यवस्था तथा अन्य सभी कठिनाइयों का, जो चिकित्सा प्रारम्भ करने पर सामने आती हैं; समाधान इस में किया गया है। प्राचीन ग्रन्थों में अनेक गम्भीर व्याधियों की व्यवस्था बहुत सूक्ष्मरूप में बताई गई है, उन सब का—मन्थरज्वर, पक्षाघात, रक्तचाप, मूर्च्छा, हृद्रोग, आदि अधिक मिलनेवाली व्याधियों का—चिकित्साक्रम बहुत विस्तार से लिखा गया है।

+ स्वास्थ्य-चिकित्सा

(काया पुष्कर शिक्षा तथा चिकित्सा-प्रवेश)

डा० आर० सी० भट्टाचार्य

प्रस्तुत पुस्तक में चिकित्सा-शास्त्र के सभी अङ्गों से सम्बन्धित आवश्यक व्यावहारिक जानकारी दे दी गई है। विषय का प्रतिपादन बड़े रोचक ढङ्ग से किया गया है। डाक्टर-वैद्य, कम्पाउण्डर-रोगी, सभी के लिए उपयोगी। मूल्य ८-००

काश्यपसंहिता

श्री सत्यपाल आयुर्वेदालङ्कार कृत 'विद्योतिनी' हिन्दीटीका,
राजगुरु हेमराजजीकृत संस्कृत-हिन्दी विस्तृत 'उपोद्घात' सहित।

यह ग्रन्थ अपनी प्रामाणिकता में चरक तथा सुश्रुतसंहिता के समकक्ष है। आयुर्वेद शास्त्र के कौमारभृत्यतन्त्र के विषय में यही एक मात्र प्राचीन ग्रन्थ है। इस विशाल मूल ग्रन्थ का तथा राजगुरु हेमराजजी कृत विस्तृत संस्कृत उपोद्घात का भी सरल सुबोध हिन्दी भाषान्तर के साथ प्रकाशन किया गया है।

आयुर्वेद शास्त्र के प्रेमी स्वाध्यायशील विद्वानों और विद्यार्थियों के लिए यह अनुवाद बहुत उपादेय बन पड़ा है। इस नवीन ग्रन्थ के प्रकाशन तथा अनुवाद से आयुर्वेद शास्त्र के अनेक महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर अद्भुत प्रकाश पड़ता है। निश्चित ही बालरोगों की विशिष्ट जानकारी में इससे आवश्यक सहायता मिलेगी। केवल भाषा के ज्ञाता भी इस क्षेत्र में पूर्ण सफलता प्राप्त कर सकेंगे। मूल्य १६-००

संशोधित ! परिवर्तित !! परिष्कृत द्वि० संस्करण !!!

(नि. भा. आयुर्वेदमहासम्मेलन-आयुर्वेदविद्यापीठ द्वारा स्वर्णपदक पुरस्कृत)
यू. पी., इण्डियन मेडिसिन बोर्ड, आयुर्वेद विद्यापीठ, हि० सा० सम्मेलन आदि
अनेक आयुर्वेदिक शिक्षण संस्थाओं द्वारा स्वीकृत पाठ्य पुस्तक—

कौमारभृत्यम्

(नव्य-बालरोग-सहित)

श्री रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी ए. एम. एस.

भूमिका लेखक—वैद्य श्री यादवजी त्रिकमजी आचार्य

इस ग्रन्थ में विद्वान् लेखक ने आयुर्वेदीय ग्रन्थों में प्राप्त समस्त कौमारभृत्य सम्बन्धी वचनों के साथ साथ आधुनिक विज्ञान से तुलनात्मक विचार प्रकट किये हैं तथा बालकों की रक्षा, उनके पालन-पोषण, आहार, ग्रह-बाधाओं आदि का उत्तम एवं आकर्षक शब्दों में वर्णन किया है। इनके अतिरिक्त प्राच्य तथा पाश्चात्य ग्रन्थों में उपलब्ध बालकों के समस्त रोगों का विस्तृत विवरण, निदान, लक्षण, साध्यासाध्यता, चिकित्सा आदि तथा साथ ही तुलनात्मक आयुर्वेदीय दृष्टिकोण भी दिया गया है।

द्वितीय संस्करण की विशेषताएँ

आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान में जो आशातीत परिवर्तन हुए हैं उन सब नवीन शोधों के अनुसार प्रस्तुत संस्करण में आरम्भ से अन्त तक परिवर्तन एवं परिवर्द्धन किया गया है। लेखक कौमारभृत्यादि विषय के परीक्षक भी रहे हैं अतः उस दृष्टि से भी छात्रों की सुविधा के लिए अनेक विषय बढ़ाए एवं सरल किए गए हैं। प्रथम संस्करण में कुछ बालरोगों पर केवल पाश्चात्त्य औषधों का ही प्रयोग लिखा गया था। किन्तु उनमें प्रयुक्त होनेवाले आयुर्वेदिक योगों का भी समावेश इस संस्करण में किया गया है। अनुभव में आए हुए कुछ और चिकित्सा-संबंधी विषयों का संवर्द्धन एवं नवीन-प्राचीन पद्धतियों का समन्वय आदि इस संस्करण की मुख्य विशेषताएँ हैं।

संशोधित परिवर्धित परिष्कृत संस्करण का मूल्य पहले से भी कम ८-०० मात्र

चक्रदत्तः

नवीन वैज्ञानिक भावार्थसन्दीपिनी भाषा-टीका तथा बहुमूल्य परिशिष्ट सहित

टीकाकारः—

श्री जगदीश्वर प्रसाद त्रिपाठी आयुर्वेदाचार्य ए. एम. एस.

इस ग्रंथ का यह दूसरा संस्करण प्रस्तुत है। तत्त्वचन्द्रिका संस्कृत टीका के अन्तर्गत आयुर्वेदविषयक पूरे पाण्डित्य का सार प्रस्तुत टीका में पदे-पदे अनुस्यूत है। कहीं-कहीं टीकाकार की विशेष टिप्पणियाँ इसमें चार चाँद प्रतीत होती हैं। पाठकों की सुविधा के लिये इसके सुविस्तृत परिशिष्ट को दो भागों में विभाजित कर दिया गया है। प्रथम परिशिष्ट में निदान (पंचलक्षण), एलोपैथिक पद्धति से विविध विशद परीक्षाएँ (मल, मूल, शब्द, स्पर्श, रूप, नेत्र, मुख, जिह्वा नाड़ी आदि की), मृत्यु-सामान्य-लक्षण, वातादिप्रकोपक हेतु, काल, मान-परिभाषा, ओषधि-ग्रहणकाल, पञ्चकषाय-वर्णन आदि तथा द्वितीय परिशिष्ट में क्रमशः प्रत्येक रोग का पथ्यापथ्यादि-निरूपण किया गया है।

प्रस्तुत संस्करण को आवश्यक परिवर्तन-परिवर्द्धन, भाषा-संस्कार आदि करके विशेष उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। सादी जिल्द १०–००

कपड़े की पक्की जिल्द १२–००

क्वाथमणिमाला-हिन्दी टीका सहित

आयुर्वेद के विभिन्न ग्रन्थों में उपलब्ध समस्त क्वाथों का बड़े परिश्रमपूर्वक संग्रह किया गया है। केवल काष्ठ ओषधियों द्वारा चिकित्सा करने वाले वैद्यों तथा प्राकृतिक चिकित्सकों (Naturopaths) के लिए यह अत्युत्तम तथा अद्वितीय संग्रह है। साथ में आधुनिक टिप्पणी भी है। मूल्य १–५०

बिहार संस्कृत समिति प्रथम परीक्षा पाठ्य स्वीकृत—

गूलरगुणविकाशः

वैद्यरत्न श्री चन्द्रशेखरधर मिश्र।

गूलर के विविध प्रयोगों से मनुष्य तथा पशुओं के साधारण से साधारण एवं जटिल से जटिल सैकड़ों रोगों की चिकित्सा की जा सकती है। गूलर की दवा इतनी सस्ती है कि ग्राम संगठन के कार्य में इससे बड़ी सहायता ली जा सकती है। बिहार सरकार इसे काम में ले भी रही है। स्वतन्त्र भारत के मनोनीत राष्ट्रपति देशरत्न श्री राजेन्द्रप्रसाद जी ने भी इस पुस्तक के प्रचार के लिए जोरदार शब्दों में सिफारिश की है जो पुस्तक में छपी हुई है। चौदहवां संस्करण १–००

चरकसंहिता

आयुर्वेदाचार्य–श्री पण्डित तारादत्तपन्तकृत भागीरथी बृहद्टिप्पणी सहित।

विद्यार्थियों के लिये सभी विषम स्थलों पर भागीरथी बृहद् टिप्पणी से युक्त यह सुन्दर गुटका संस्करण अल्प मूल्य में बहुत उपादेय है।

चिकित्सादि समाप्ति पर्यन्त केवल द्वितीय भाग ३–००

तापमापन (थर्मामीटर)

डा० राजकुमार द्विवेदी आयुर्वेदाचार्य

इस पुस्तक में यंत्र-परिचय, प्रकार तथा उनका पृथक् पृथक् वर्णन, निर्माण, व्यवहार, तापक्रमसारिणी, संताप तथा ज्वर, औपसर्गिक ज्वरों में तापक्रम का सारिणी, तापमान के स्थान, तापमापक लगाने की अवधि, तापग्रहण के विचारणीय प्रश्न, तापमापन काल, तापमापक वाचन तथा तापमापक विवरण आदि विषयों का विस्तार से वर्णन किया गया है जिससे इसकी उपयोगिता अत्यधिक बढ़ जाती है। मूल्य ०–२५

तुलसी-विज्ञान

तुलसी आयुर्वेद शास्त्र की अत्युत्कृष्ट एवं प्रसिद्ध सुलभ ओषधि है। इसका उपयोग अनेक प्रकार से अनेक अवस्थाओं में होता है, अतः योग्य विद्वानों के स्वानुभूत परीक्षित ३४३ सुलभ प्रयोगों का यह संग्रह प्रकाशित किया गया है। मूल्य ०–५०

दोष-कारणत्व-मीमांसा

आचार्य प्रियव्रतशर्मा, एम. ए., ए. एम. एस.

आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धान्त त्रिदोषवाद की चर्चा चिरकाल से चलती आ रही है। शरीरस्थ दोषों के कारण ही विकार उत्पन्न होते हैं, इसमें कोई विवाद नहीं। किन्तु उनकी कारणता का स्वरूप क्या है इस संवन्ध में अनेक मतवाद प्राचीन काल से प्रचलित हैं। संहिताओं के प्राचीन एवं अर्वाचीन टीकाकारों ने भी इसकी गंभीर विवेचना की है कि दोष विकारों के समवायिकारण हैं या निमित्त? मधुकोश-कारने भी 'तथा भूताश्च दोषाः प्रायशः' लिखकर इस विषय को सन्दिग्ध स्थिति में ही छोड़ दिया। आयुर्वेदीय सिद्धान्तों के गंभीर गवेषणाकार तथा प्रौढ आलोचक ने इस विषय पर व्यापक दृष्टि से विवेचन कर सभी प्राचीन एवं नवीन मतों की विशद समीक्षा की है तथा अन्त में आयुर्वेद के सिद्धान्त–पक्ष का भी स्पष्टीकरण युक्तिपूर्वक किया है। पुस्तक आयुर्वेद के विद्वानों, आलोचकों, अध्यापकों एवं छात्रों के लिए अतीव उपयोगी है। मूल्य १–००

यू० पी० इण्डियन मेडिसिन बोर्ड द्वारा पाठ्य-स्वीकृत—

द्रव्यगुण-विज्ञान

(१-३ भाग)

आचार्य प्रियव्रत शर्मा, एम. ए., ए. एम. एस.

प्रिन्सिपल, गवर्नमेंट आयुर्वेदिक कॉलेज, पटना

द्रव्यगुण शास्त्र के विशेषज्ञ विद्वान् लेखक ने अपने दीर्घकालीन अध्यापन के आधार पर इस ग्रन्थ में द्रव्यगुण के मौलिक सिद्धान्तों का विस्तृत, वैज्ञानिक एवं समन्वयात्मक अध्ययन उपस्थित किया है। इसके प्रथम भाग में चार खण्ड हैं—द्रव्यखण्ड, गुणखण्ड, कर्मखण्ड और कल्पखण्ड। द्रव्यखण्ड में द्रव्य का स्वरूप तथा उसका रचनात्मक एवं कर्मात्मक वर्गीकरण-प्राचीन एवं नवीन दोनों दृष्टिकोणों से दिया गया है। गुणखण्ड में गुण, रस, विपाक, वीर्य तथा प्रभाव का विशद एवं तुलनात्मक वर्णन किया गया है। कर्मखण्ड में प्राचीन एवं आधुनिक विज्ञान में वर्णित द्रव्यों के लगभग १५० कर्मों का समन्वयात्मक विवेचन तथा वैज्ञानिक व्याख्या भी की गई है। कल्पखण्ड में भैषज्य कल्पना के सैद्धान्तिक पक्ष का स्पष्टीकरण है।

द्वितीय भाग में औद्भिद और जांगम तथा तृतीय भाग में पार्थिव द्रव्यों का समावेश किया गया है। प्रत्येक द्रव्य का परिचय (शास्त्रीय गण, वानस्पतिक कुल, वैज्ञानिक नाम, विभिन्न प्रादेशिक नाम, स्वरूप, जातियाँ, उत्पत्ति स्थान, रासायनिक सङ्घटन), गुण (गुण-रस-विपाक-वीर्य-प्रभाव), कर्म (शरीर-दोषों एवं शरीर के विभिन्न संस्थानों पर होने वाले परिवर्तनों की सयुक्तिक व्याख्या) तथा प्रयोग (गुण-कर्म के आधार पर विभिन्न विकारों में उसके प्रयोग की विधि, प्रयोज्य अंग, मात्रा, विशिष्ट योग, अहित प्रभाव, निवारण एवं प्रतिनिधि) विस्तार के साथ वर्णित हैं। यथास्थल सर्वत्र आधुनिक एवं यूनानी विचारों का भी अन्तर्भाव किया गया है।

संक्षेप में इस प्रकार द्रव्यों के गुण-कर्मात्मक विवेचन की दृष्टि से यह ग्रन्थ अपने ढंग का सर्वश्रेष्ठ है। छात्रों और अध्यापकों को द्रव्यगुण और रसशास्त्र के [illegible]-पाठन में इससे पूर्ण सहायता प्राप्त होगी। शैली बिल्कुल आधुनिक, कागज छपाई, गेटअप आदि सभी सुन्दर। प्रथम भाग ५-५० द्वि० तृ० भाग १२-५०

१-३ भाग दो जिल्दों में संपूर्ण ग्रन्थ मूल्य १८-००

यू॰ पी॰ इण्डियन मेडिसिन वोर्ड द्वारा पाठ्य-स्वीकृत—

द्रव्य-गुण-मंजूषा

आचार्य शिवदत्त शुक्ल एम. ए., ए. एम. एस.

अध्यापक, आयुर्वेदिक कालेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

आचार्य शुक्लजी द्रव्यगुण के माने हुए विद्वान् हैं। विगत १५ वर्षों से इस विषय के अध्यापन का आपको अनुभव है। अनेक प्रान्तों में वहुत बार अनुसंधानात्मक भ्रमण कर अर्जित ज्ञान एवं वनौषधि-निधि हिमांचल के बीहड़ प्रदेशों से द्रव्यों का शोधन कर आपने अपने विशिष्ट ज्ञान से इस जटिल विषय का जितना स्पष्ट विवेचन किया है, यह बिना इस ग्रन्थ के अध्ययन के नहीं जाना जा सकता। प्रत्येक द्रव्य के अनेक भाषाओं में प्रचलित शुद्धनाम, विशिष्टवर्णन, उत्पत्तिस्थल तथा परिचय का विस्तार से वर्णन किया गया है। आवश्यक स्थलों पर द्रव्य शोधन की उपयोगी विधियों का भी वर्णन है। आयुर्वेदीय वनस्पतियों में आधुनिक विज्ञानवेत्ताओं ने जिन सक्रिय तत्त्वों का अनुसन्धान किया है, उन सक्रिय तत्त्वों का भी वर्णन कर द्रव्यगुण विज्ञान को पूर्ण वैज्ञानिक रूप दिया गया है। अन्त में द्रव्यों के शास्त्रोक्त गुणकर्मों का वर्णन कर पाश्चात्य क्रम पर औषध के सांस्थानिक प्रभाव का वर्णन है। वनौषधि के विशिष्ट आमयिक प्रयोग तथा उसके प्रधान शास्त्रीय योगों का उल्लेख कर प्रयोज्य मात्रा भी लिखी गई है। वानस्पतिक द्रव्यों का रचनाप्रधान वर्गीकरण किया गया है, इससे स्वरूप परिचय तथा गुण-धर्म वर्णन का स्मरण विद्यार्थियों को सुविधापूर्वक हो सकेगा। द्रव्यगुण सम्बन्धी इतनी विशाल तथा ठोस सामग्री किसी दूसरे ग्रन्थ में नहीं है। यह आयुर्वेद जगत को विद्वान् लेखक की अप्रतिम भेंट है। पुस्तक आयुर्वेद महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा चिकित्सकों के लिए सामान्य रूप से उपयोगी है। छात्रों के अत्यधिक आग्रह पर इसका प्रथम भाग प्रकाशित किया जा रहा है।

प्रथम भाग मूल्य २-००

नाडीपरीक्षा

भिषग्रत्न श्री ब्रह्मशङ्कर मिश्र कृत वैद्यप्रिया हिन्दी टीका सहित

इस छोटे से ग्रन्थ में ऐसे ऐसे नाड़ी लक्षणों का वर्णन आया है जो अन्य ग्रन्थों में नहीं मिलते। मृत्यु के समय मनुष्य की नाड़ी के लक्षणों का भी वर्णन सुन्दररूप में बड़े विस्तार से किया गया है। द्वितीय संस्करण मूल्य ०-३५

प्रसूतिविज्ञान (सचित्र)

(A Text Book of Midwifery)

आयुर्वेदबृहस्पति डॉ० रमानाथ द्विवेदी एम. ए., ए. एम. एस.
चिकित्सक तथा अध्यापक आयुर्वेद कालेज, हिन्दूविश्वविद्यालय काशी।

Obstetric पर लिखी हुई प्रसूतिविज्ञान नामक यह पुस्तक विद्वान् लेखक अनेक वर्षों के परिश्रम के पश्चात् भारतवर्ष के विभिन्न आयुर्वेद संस्थानों प्रसूतिविषय के 'प्रास्पेक्टस' और 'सिलेवस' के आधार पर लिखी गई है। आजत इस प्रकार की सर्वाङ्गपूर्ण प्रसूतितन्त्र की कोई भी अन्य पुस्तक राष्ट्र भाषा में उपल नहीं थी जिसमें एक स्थान पर विभिन्न अध्यायों के क्रम से अद्यावधि प्राच्य पाश्चात्य मतों का समन्वयात्मक संग्रह हो। आर्थिक दृष्टि से भी देखा जाय तो एक मा इस पुस्तक को रखते हुए अंग्रेजी भाषा में लिखी अनेक मूल्यवान् पुस्तकों के संग्रह आवश्यकता नहीं पड़ेगी; क्योंकि यह पुस्तक बहुत से प्रचलित अंग्रेजी टेक्स्ट बु के आधार पर ही लिखी गई है। इन विभिन्न पुस्तकों से सहायता लेते हुए जि पुस्तकों में जिन-जिन अध्यायों का वर्णन अधिक प्रांजल एवं विशद प्रतीत हुआ उसी को लेखक ने ग्रहण किया है जिससे यह रचना विद्यार्थियों के विष ज्ञान तथा परीक्षार्थियों की सफलता की कुञ्जी बन गई है। पुस्तक की सब बड़ी विशेषता विषय की तुलनात्मक विवेचना है। छात्रों के इस प्रकार के विवेक लिये आयुर्वेद के विभिन्न ग्रन्थरत्नों के आधार पर स्थान-स्थान से प्रसूति वि यक सूत्रों का संग्रह करते हुए नोट बनाकर काम चलाना पड़ता था। इस प्रकाशन से उनकी सारी परेशानियाँ अब दूर हो गई हैं, उनको प्रत्येक अध्याय अन्त में आधुनिक वर्णनों के साथ ही साथ हिन्दी अनुवाद के सहित उन सूत्रों का संकलन प्राप्त हो जायगा। इससे उन्हें विषय के अभ्यास में भी सरल का अनुभव होगा। वैज्ञानिक पुस्तकों की तरह विषय को अधिक स्पष्ट करने के लि लगभग २०० से ऊपर चित्र भी स्थान-स्थान पर लगा दिये गये हैं। इ अच्छा स्पष्टीकरण हुआ है। अब एक मात्र इसी पुस्तक के पढ़ने से एत विषयक सम्पूर्ण प्राचीन तथा नवीन ज्ञान का सम्पादन किया जा सकता है। प्रसू शास्त्र के विषयों से सम्बद्ध कई अन्य विषयों का जैसे 'यूजेनिक्स' 'सेक्सुवोला 'एन्थ्रोपोलाजी' का भी प्रसंग यत्र तत्र आकर विषय को अधिक सरस बना देता **द्वितीय परिष्कृत संस्करण** बड़ी सजधज के साथ छपा है। मूल्य १०-

इ. मे. बोर्ड, आयुर्वेद विद्यापीठ एवं हि. सा. सम्मेलन द्वारा स्वीकृत पाठ्य-पुस्तक-

प्रारंभिक उद्भिद् (वनस्पति) शास्त्र

वनस्पति विशेषज्ञ प्रोफेसर बलवन्त सिंह एम० एस-सी०
आयुर्वेदिक कालेज, हिन्दूविश्वविद्यालय, काशी।

उद्भिद्-शास्त्र जैसे प्रकृति विज्ञान के सहज प्रेमी सामान्यजनों के लिये भी यह एक अपूर्व संग्रहणीय ग्रन्थ है। इस पुस्तक के द्वारा हम अपनी नित्य की व्यवहारोपयोगी पुष्प, फल, एवं धान्यवर्गीय वनस्पतियों की रचना, शारीरिक व्यापार एवं विकास के मूलतत्त्वों का प्रारम्भिक ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। विषयों को प्रस्तुत करते हुए प्रायः लोक और शास्त्र प्रचलित प्रसिद्ध वनस्पतिओं के ही उदाहरण दिये गये हैं जिससे प्रत्येक विषय का क्रियात्मक अध्ययन बहुत सरल और बुद्धिगम्य हो गया है। आयुर्वेद के विद्यार्थियों और वैद्यों आदि के लिये उद्भिद्-शास्त्र का जितना ज्ञान होना चाहिये उतना इस पुस्तक के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। शुद्ध वैज्ञानिक विषयों के अतिरिक्त वर्गीकरण के अध्याय में वनस्पतियों के लगभग उन सभी वर्गों का वर्णन किया गया है जिनमें चिकित्सोपयोगी वनस्पतियों का प्राधान्य है। प्रत्येक वर्ग की इन वनस्पतियों की सूची भी साथ २ दे दी गई है जिससे वर्ग परिचय के साथ २ इनका भी परिचय हो जाता है। वनस्पतियों के नामों एवं पारिभाषिक शब्दों के अंग्रेजी एवं वैज्ञानिक पर्यायों की अनुक्रमणिकायें पुस्तक की संज्ञा सम्बन्धी कठिनाइयों को दूर कर देती हैं। मूल्य ४-५०

+ नीम के उपयोग

इस पुस्तक में नीम के प्रत्येक अङ्ग का किस किस अवसर पर कैसे कैसे व्यवहार करने से चिकित्सा में लाभ होता है, विस्तार से वर्णित है। मूल्य १-००

हि० सा० सम्मेलन, आयुर्वेद विद्यापीठ, इ० मे० बोर्ड द्वारा पाठ्य स्वीकृत—

परिभाषा-प्रबन्ध

आयुर्वेदबृहस्पति पं० जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल राजवैद्य

अनेक आयुर्वेदिक परीक्षा संस्थाओं द्वारा पाठ्य-स्वीकृत परिभाषा सम्बन्धित शुक्ल जी की यह पुस्तक सर्वोपरि प्रकाशित हुई है। इसमें प्राच्य-पाश्चात्य दृष्टि से कोई भी परिभाषा के विषय छूटे नहीं हैं। पुस्तक में १६ प्रकरण रखे गए हैं। यह छात्रों तथा वैद्य समुदाय के लिए समान दृष्टि से उपयोगी है। मूल्य २-५०

इण्डियन मे. बोर्ड यू० पी०, हि. सा. सम्मेलन द्वारा स्वीकृत पाठ्य-पुस्तक-

प्रारम्भिक-भौतिकी

निहालकरण सेठी

हाई स्कूल, इण्डियन मेडिसिन बोर्ड एवं आयुर्वेद विद्यालयों के विद्यार्थियों लिए यही पुस्तक पाठ्यरूप से स्वीकृत है। अन्य पाठक भी इसको पढ़कर भौतिक विज्ञा की बातों को बिना कठिनाई के समझ सकते हैं। पुस्तक के पांच परिच्छेदों वैज्ञानिक नाप तौल, द्रव्य के सामान्य गुण, गति, जड़त्व और गुरुत्व, वेग संयोज काम, सामर्थ्य एवं शक्ति, तापक्रम, प्रकाश, शब्द, चुम्बक, विद्युत, एक्सकि आदि विषयों का भौतिक दृष्टिकोण से वैज्ञानिक विवेचन किया गया है। मूल्य ५-५

परिवर्द्धित और परिष्कृत तृतीय संस्करण

प्रारम्भिक-रसायन

प्रो० श्री फूलदेवसहाय वर्मा, प्रिंसिपल कालेज आफ टेक्नोलोजी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

इसके लेखक प्रोफेसर वर्मा हिन्दू विश्वविद्यालय के सबसे अधिक अनुभ विज्ञानवेत्ता हैं। आपकी विद्वत्ता की विज्ञान जगत में अमिट छाप है।

पुस्तक २ भागों में पूर्ण हुई है। इस परिष्कृत संस्करण में कई महत्त्व अध्याय जोड़े गये हैं। प्रांगार रसायन (आर्गेनिक केमिष्ट्री) का जो भाग बहु सूक्ष्म रूप में था उसके अब बीस अध्याय और बढ़ाये गये हैं।

स्थान स्थान पर आयुर्वेदीय झलक इस नूतन संस्करण की एक और विशेष है। कई नये चित्र भी जोड़े गये हैं।

सारांश यह कि पुस्तक के पूर्व तथा इस संस्करण में जमीन आसमान अन्तर है। यह अब न केवल आयुर्वेद के विद्यालयों में, अपितु स्कूलों और काले में भी पाठ्यपुस्तक के रूप में विराजमान है। पुस्तक संग्रहणीय है। तृतीं संस्करण की पृष्ठसंख्या ४६४, चित्रसंख्या ६२, उत्तम कागज, सुन्दर छपाई त आकर्षक टिकाऊ पक्की जिल्द। मूल्य ४-५

प्लीहा के रोग और उनकी चिकित्सा

कविराज ब्रह्मानन्द चन्द्रवंशीं राजवैद्य

इसमें नवीन वैज्ञानिक ढंग पर आयुर्वेदिक, एलोपैथिक एवं यूनानी मतानुसार रोग के निदान, लक्षण तथा चिकित्सा का सुन्दर वर्णन किया गया है। मूल्य ०-३५

यू० पी० गवर्नमेंट के कृषिविभाग द्वारा स्वीकृत—

फलसंरक्षणविज्ञान (FRUIT PRESERVATION)

डा० युगुलकिशोर गुप्त आयुर्वेदाचार्य

उत्तर प्रदेशीय सरकार की योजनानुसार उक्त पुस्तक की रचना की गई है। विषयों का विवेचन अति उत्तम मौलिक रूप से किया गया है। विद्यार्थियों के लिए इस विषय की यह सर्वश्रेष्ठ पुस्तक है। फलों की चटनी, अचार, मुरब्बा आदि बनाने तथा संरक्षण का विधान भी बड़ी सरलता से समझाया गया है। साधारण जनता भी इस पुस्तक से बहुत लाभ उठा सकती है। मूल्य १-००

बस्तिशलाकाप्रवेश (एनिमा और कैथेटर)

आयुर्वेदाचार्य **राजकुमार द्विवेदी** डी. आई. एम. एस.

द्विवेदी जी ने इस पुस्तिका में बस्तियों तथा शलाकाओं के प्रयोग पर व्यावहारिकज्ञान का बड़ा ही सुन्दर प्रकाशन किया है। जहाँ पुस्तिका छात्रों के लिए लाभदायक है वहाँ सहायक वैद्यों तथा उन वैद्यों के लिए जिन्हें इस उपयोगी विषय के अभ्यास का अवसर नहीं मिला, बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। मूल्य ०-४०

भारतीय-रसपद्धति

कविराज श्री अत्रिदेव गुप्त विद्यालंकार

भारतीय रस शास्त्र में धातुओं आदि का शोधन, जारण-मारण एक महत्त्व का विषय है। इस छोटी सी पुस्तक में यह विषय बहुत ही सरलता के साथ समझाया गया है-इसके सिवाय ओज, भावना, पुट, आदि सन्दिग्ध विषय पूर्णतः स्पष्ट कर दिये हैं। रस शास्त्र का इतना महान् विषय इस छोटी सी पुस्तक में सम्पूर्ण रूप से समा दिया गया है-इसी को देखकर—प्राणाचार्य श्री **गोवर्धन शर्मा छांगाणी जी ने** लिखा है कि—'अधिक तो क्या इस छोटी सी पुस्तिका रूपी गागर में रस शास्त्र सरीखे महान् सागर को भर दिया है। हमारी दृष्टि में रस शास्त्र के लिये प्राचीन ढंग का ऐसा सुन्दर और स्वल्पाकार ग्रन्थ यह पहला ही है'। १-५०

बोर्ड आफ इण्डियन मेडिसिन यू० पी० की प्राणाचार्य परीक्षा

में आलोच्य व सहायक स्वीकृत–

भावप्रकाशः

(शोधपूर्ण नवीन संस्करण)

नवीन वैज्ञानिक 'विद्योतिनी' हिन्दीटीका सहित ।

इस संस्करण का उद्देश्य यह है कि केवल इसी एक ग्रन्थ का अध्ययन कर चिकित्सक को चिकित्सा विषयक सभी जानकारी पूर्ण रूप में हो जाय तथा प्राचीन सैद्धान्तिक ज्ञान भी पूर्णरूप से हो जाय । इसमें **गर्भप्रकरण** के ऊपर **डाक्टरी** तथा **आयुर्वेदिक** मतानुसार समन्वयात्मक **परिशिष्ट** तथा **निघण्टुप्रकरण** में सभी वनौषधियों का विस्तृत परिचय, नवीन वैज्ञानिकों द्वारा आविष्कृत गुण-धर्म एवं प्रयोगों का विस्तृत वर्णन तथा उपलब्ध वनस्पतियों की असली-नकली की पहचान, सभी भाषाओं में उनके नाम आदि सभी ज्ञातव्य विषयों का विशद विवरण दिया गया है । **चिकित्साप्रकरण** में प्रत्येक रोग की **डाक्टरी** मतानुसार निदानादि के साथ चिकित्सा तथा आयुर्वेदिक और डाक्टरी मतों की समन्वयात्मक **टिप्पणी** भी दी गई है । इस तरह से इस एक ही ग्रन्थ के अवलोकन से आयुर्वेद के साथ साथ डाक्टरी मतों का भी पर्याप्त ज्ञान प्राप्त हो जायगा ।

इस संस्करण की विशेषता

इस संस्करण में प्रायः सभी वनौषधि द्रव्यों का विस्तृत परिचय, नवीन अनुसन्धानों द्वारा रासायनिक विश्लेषण, गुण-धर्म, आमयिक प्रयोग, अनेक देशी-विदेशी भाषाओं में प्रसिद्ध नाम, उत्पत्तिस्थान तथा उनकी आकृति आदि का विस्तार से वर्णन किया गया है । वनौषधियों का पूर्ण जीवनवृत्त, बीज से लेकर मूल, पत्र, काण्ड, पुष्प, फल, निर्यास आदि का स्पष्ट वर्णन वस्तु को प्रत्यक्ष-सा कर देता है, जिससे पाठक को किसी दूसरी पुस्तक की सहायता की अपेक्षा नहीं रह जाती । सभी सामान्य चिकित्सकों, अध्यापकों तथा जिज्ञासु छात्रों के लिए यह परिवर्द्धित संस्करण बहुत ही उपादेय है ।

पूर्वार्द्ध १२–०० मध्यमोत्तर खण्ड १५–०० सम्पूर्ण ग्रन्थ का मूल्य २६–००

भावप्रकाशः । श्रीमद्भावमिश्रकृत: । ग्रन्थकर्ता रचित विषमस्थल टिप्पणी सहित पूर्वार्द्ध ३–०० मध्यमोत्तरखण्ड ७–००

संपूर्ण १०–००

भावप्रकाशनिघण्टुः

विमर्शाख्य हिन्दी व्याख्या सहित

सम्पादक—डा० गङ्गासहाय पाण्डेय ए० एम० एस०

अध्यापक एवं चिकित्सक—आयुर्वेदिक कालेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

आयुर्वेद जगत् के अत्यन्त आग्रह पर यह नवीन संस्करण प्रकाशित किया गया है । अब तक के निघण्टुओं में, अधिकांश में मिथ्या धारणाओं एवं अशुद्ध नामों का संग्रह ही मुख्य रूप से था । प्रस्तुत निघण्टु में अद्यावधि प्रकाशित सभी सामग्री का भली प्रकार अध्ययन कर उपलब्ध वनौषधियों का प्रत्यक्ष परिचय करके, प्रचलित भ्रान्त धारणाओं का निराकरण करते हुए विस्तृत परिचय दिया गया है। विशालकाय यह नवीन संस्करण—एक प्रकार से निघण्टु विषयक एक स्वतन्त्र मौलिक ग्रन्थ ही बन गया है। इसमें प्रत्येक वनौषधि की सभी उपजातियों एवं विभिन्न प्रान्तों में प्रचलित तत्सम द्रव्यों का विस्तृत परिचय, नवीन अनुसंधानों द्वारा आविष्कृत रासायनिक विश्लेषण, गुण धर्म एवं आमयिक प्रयोगों का व्यापक वर्णन किया गया है । ओषधियों के अनेक देशी एवं विदेशी भाषाओं में प्रसिद्ध नाम, उत्पत्तिस्थान तथा उनकी आकृति आदि का विस्तार से वर्णन है । वनौषधि का पूर्ण जीवनवृत्त, बीज से लेकर मूल, पत्र, काण्ड, पुष्प, फल, निर्यास आदि का स्पष्ट वर्णन वस्तु को प्रत्यक्ष-सा कर देता है। किस अङ्ग का औषध रूप में प्रयोग है और उसका संचय कैसे किया जाता है तथा विभिन्न वनस्पतियों के निर्यास निकालने की प्रणाली और उनका पूरा इतिवृत्त वर्णन इस संस्करण की विशेषता है। ओषधियों के गुण-धर्म पर व्यापक रूप से प्रकाश डालने वाली इस कोटि की कोई दूसरी पुस्तक नहीं है ।

आयुर्वेदिक कालेज के छात्रों को प्रायः निघण्टुभाग की ही विशेष आवश्यकता पड़ती है, इस दृष्टि से कालेजों के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर इस निघण्टुभाग की छात्रोपयोगी नवीन व्याख्या प्रस्तुत की गई है । यह संस्करण छात्रों, अध्यापकों तथा वनस्पतिविशेषज्ञों के लिए समान रूप से उपयोगी है। मूल्य ९-००

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

भैषज्यरत्नावली

(शोधपूर्ण द्वितीय संस्करण)

'विद्योतिनी' हिन्दीव्याख्या वैज्ञानिक 'विमर्श' परिशिष्ट सहित

टीकाकार—आयुर्वेदाचार्य कविराज अम्बिकादत्त शास्त्री ए. एम. एस.

सम्पादक—आयुर्वेदबृहस्पति श्री राजेश्वरदत्त शास्त्री चरकाचार्य

इस संस्करण के आलोक में पूर्व प्रकाशित सभी टीकायें नगण्यसी हो गयी हैं। इसकी सविमर्श व्याख्या में विशिष्ट रोगों के लक्षण, पाश्चात्यरीत्या मूत्र-परीक्षण, रसोपरस धातुओं का शोधन-मारण, अभाव में लिये जानेवाले प्रतिनिधि द्रव्य तथा चरक, सुश्रुत, वाग्भटादि ग्रन्थ लिखित गण द्रव्यों का भी समावेश आधुनिक समय-कालके अनुसार नवीनवैज्ञानिक ढंगसे औषध-निर्माण, प्रयोग, मात्रा आदिका भी उल्लेख किया गया है। इस संस्करण में प्रत्येक रोग की चिकित्सा के अन्त में पथ्यापथ्य का उल्लेख भी विस्तारपूर्वक कर दिया गया है जो अन्य किसी भी संस्करण में नहीं है। इसीलिए आचार्य श्री यादवजी त्रिकमजी महाराज, कविराज प्रताप सिंह जी रसायनाचार्य, कविराज सत्यनारायणजी शास्त्री चरकाचार्य, कविराज हरिरञ्जनजी मजुमदार, प्राणाचार्य श्रीगोवर्धन शर्माजी छांगाणी प्रभृति आयुर्वेद जगत के महारथियों ने इस सविमर्श व्याख्या की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है।

द्वितीय संस्करण की विशेषता

इस ग्रन्थ के प्रमुख सम्पादक आयुर्वेदबृहस्पति पं० राजेश्वरदत्तजी शास्त्री ने विगत आठ वर्षों से प्रथम संस्करण का अनुशीलन करके अपने अध्यापनानुभव तथा चिकित्सानुभव के अनुरूप इस द्वितीय संस्करण की सविमर्श व्याख्या में आमूल संशोधन-परिवर्धन कर दिया है। शास्त्रीजी काशी के प्रख्यात सिद्ध चिकित्सक हैं। इस संस्करण के परिशिष्ट में उन्होंने 'अनुभूतयोगप्रकरण' नामक एक मौलिक ग्रन्थ ही जोड़ दिया है, जो भैषज्यरत्नावली का एक महत्त्वपूर्ण अंग बन गया है। अनुभूतयोगप्रकरण में जितने योग दिये गये हैं वे शास्त्रीजी के स्वतः अनुभूत-सिद्धयोग हैं। चिकित्सकों को सूत्ररूप में योगों की प्रक्रिया अभ्यस्त रहे इस उद्देश्य से योगों का उल्लेख पद्यबद्ध करके उनकी हिन्दी व्याख्या कर दी गयी है। नवीन, प्राचीन तथा पाश्चात्यमतानुयायी चिकित्सकों के लिए भी यह 'अनुभूत-योगप्रकरण' संग्रहणीय, मननीय और पठनीय है।

छपाई, कागज, पक्की टिकाऊ जिल्द युक्त लगभग १००० पृष्ठ के इस विशाल ग्रन्थका अत्यल्प नाम मात्र मूल्य १६–००

भावप्रकाशः—ज्वराधिकारः

नवीन वैज्ञानिक 'विद्योतिनी'–हिन्दीटीका परिशिष्ट सहित

इसमें क्वाथादिकों के वनाने की विधि, मात्रा आदि का उल्लेख तथा स्थल २ पर आवश्यक टिप्पणियों का भी समावेश किया गया है। ग्रन्थोक्त ज्वर पर आधुनिक डाक्टरी मतानुसार निदान का सुन्दर रीति से विवेचन तथा प्रचलित अन्य ज्वरों का डाक्टरी मतानुसार विशद विवरण भी दिया गया है। छपाई, कागज, जिल्द आदि सभी सुन्दर है। मूल्य ४–००

+ मदनपालनिघण्टुः । वैद्य त्र्यम्बकशास्त्रि कृत टिप्पणी सहितः १–००

+ मधु के उपयोग

अनेक प्रकार के मधु, उनकी पहचान, गुण एवं विविध रोगों में उनकी प्रयोग विधि आदि का विस्तार से इसमें वर्णन है। मूल्य १–००

इ. मेडिसिन बोर्ड यू० पी० तथा हि० सा० सम्मेलन द्वारा पाठ्य स्वीकृत

मर्म-विज्ञान—सचित्र

आयुर्वेदबृहस्पति श्री रामरक्षपाठक आयुर्वेदाचार्य

मर्मों का वर्णन आयुर्वेद की उन विशेषताओं में है जो अन्यत्र उपलब्ध नहीं होतीं। आयुर्वेद संहिताओं में १०७ मर्मों के स्वरूप, स्थान, रचना तथा अभिघातजन्य परिणामों एवं प्रतिकार का वैज्ञानिक वर्णन सूत्ररूपेण निर्दिष्ट है। लेखक ने उनकी सचित्र विस्तृत व्याख्या कर आयुर्वेद जगत का बड़ा उपकार किया है। मूल्य ३–५०

माधवनिदानम् । वैद्य श्री पण्डित उमेशानन्द शास्त्री रचित

'सुधालहरी' संस्कृत टीका सहित गुटका संस्करण प्रेस में

माधवनिदानम्

'मधुकोष' संस्कृत व्याख्या, मनोरमा हिन्दी अनुवाद सहित

'मधुकोश' व्याख्या सहित माधवनिदान का कोई भी संस्करण दीर्घ काल से प्राप्त न होने से जिज्ञासुजनों के हितार्थ यह संस्करण पाद–टिप्पणी से युक्त 'मधुकोष' व्याख्या एवं 'मनोरमा' नामक हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित किया गया है। छपाई, कागज आदि बहुत सुन्दर है। मूल्य ६–००

विविध विशेषताओं से युक्त ! द्वितीय परिवर्द्धित संस्करण !! प्रकाशित हो गया !!!

माधवनिदानम्

'मधुकोष' संस्कृत तथा 'विद्योतिनी' हिन्दी टीका, वैज्ञानिक विमर्श सहित

टीकाकारः—आयुर्वेदाचार्य श्री सुदर्शन शास्त्री, ए० एम० एस०

सम्पादकः—आयुर्वेदाचार्य वैद्य श्री यदुनन्दन उपाध्याय, बी. ए., ए. एम. एस.

चिकित्सक एवं अध्यापक, आयुर्वेदिक कालेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्रस्तुत संस्करण में माधवनिदान का मूल पाठ, विशद भाषार्थ, संस्कृत 'मधुकोष' टीका के साथ हिन्दी में मधुकोष की हिन्दी व्याख्या तथा प्राचीन एवं अर्वाचीन रीति से वैज्ञानिक एवं तुलनात्मक विवेचन सहित विशद विमर्श, विभिन्न पाठान्तर, मूल में आये हुए श्लोकों का ग्रन्थादि निर्देश एवं परिशिष्ट में नवीन रोगों का विवरण श्लोक बद्ध भाषार्थ युक्त दिया गया है। अपने ढंग का यह चिकित्सकों (डाक्टरों, वैद्यों), अध्यापकों एवं छात्रों के लिए परमोत्तम संस्करण है। आधुनिक युग के अनुसार प्राच्य और पाश्चात्य चिकित्सा पद्धतियों में एकरूपता स्थापित करने के प्रयास में यह संस्करण अद्भुत रूप से सहायक प्रमाणित हुआ है। प्रथम संस्करण अल्प समय में ही समाप्त हो गया। यही इसकी उपयोगिता का ज्वलन्त प्रमाण है। इस द्वितीय संस्करण में संपादक ने आवश्यक संशोधन, परिवर्द्धन करके इसे और उपयोगी बना दिया है। सम्पूर्ण ग्रन्थ बड़े साईज के लगभग एक हजार पृष्ठों में समाप्त हुआ है। छपाई, कागज, टिकाऊ पक्की जिल्द आदि सभी बहुत सुन्दर है।

पूर्वार्द्ध ७–५० उत्तरार्द्ध ७–५० सम्पूर्ण ग्रन्थ का मूल्य १४–००

माधवनिदानम्

सर्वाङ्गसुन्दरी हिन्दी टीका सहित।

टीकाकार—आयुर्वेदाचार्य लालचन्द्र शास्त्री। यों तो इस पुस्तक के अनेक संस्करण अनेक स्थान से छपे हैं किन्तु ग्रन्थ के आशय का यथार्थ ज्ञान करानेवाले विस्तृत हिंदी अनुवाद सहित इस संस्करण के समान दूसरा कोई भी संस्करण आज तक नहीं छपा। यह तृतीय संस्करण उत्तम ग्लेज चिकने कागज, नवीन चमकते टाइप में बहुत सुन्दर छपा है। सजिल्द संस्करण मूल्य ४–५०

नव्यरोगनिदानम् (माधवनिदान-परिशिष्टम्)

इस ग्रन्थ में माधवनिदानादि ग्रन्थों में उल्लिखित रोगों के अतिरिक्त आज तक के संपूर्ण नवीन रोगों के निदान–सम्प्राप्ति–पूर्वरूप–साध्यासाध्य लक्षण आदि विषयों का भली प्रकार वर्णन किया गया है। द्वितीयावृत्ति मूल्य ०–७५

नाडीविज्ञानम्

आयुर्वेदाचार्य—प्रयागदत्तजोषीकृत विबोधिनी विस्तृत हिन्दी टीका सहित

इसमें नाडी की सूक्ष्म तथा स्थूल भिन्न भिन्न गतियों का बहुत विचार-पूर्वक दिग्दर्शन कराया गया है। यहाँ तक कि भिन्न भिन्न कार्य करने पर तथा भिन्न भिन्न पदार्थ खाने पर एवं मृत्यु काल सम्बन्धी नाडी की गति में जो अन्तर होता है भली प्रकार दर्शाया गया है। तृतीय संस्करण मूल्य ०–३५

यकृत् के रोग और उनकी चिकित्सा

[A Manual of the Diseases of the Liver & Gall bladder]

श्री सभाकान्त झा वैद्य शास्त्री

परिष्कर्ता—आयुर्वेदाचार्य श्री रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी ए. एम. एस.

पुस्तक में यकृत्, उसकी रचना, सूक्ष्म रचना, क्रिया, उसके विकार, विकारों के निदान, पूर्वरूप, सम्प्राप्ति, चिकित्सा, पित्ताशय और उसके विकारों का वर्णन सरल सुबोध भाषा में वैज्ञानिक प्रणाली से किया गया है। अन्त में अनेक उपादेय सिद्ध योगों का भी समावेश है। वैद्य, डाक्टर, छात्र सभी के लिए उपयोगी है मूल्य २–००

योग-चिकित्सा

(INDICATION OF DRUGS)

कविराज, अत्रिदेव गुप्त विद्यालङ्कार

सुपरिंटेंडेंट, आयुर्वेदिक फार्मेसी, काशी हिन्दूविश्वविद्यालय

इसमें बंगाल की परम्परा से प्राप्त अनुभूत प्रत्यक्ष फलप्रद योगों का तथा बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के पञ्चम वर्ष में जो रस, अवलेह, तैल, घृत, गुटिका आदि का ज्ञान कराने के लिए निर्धारित हैं, उन सब योगों का समावेश है। इसीलिए उत्तर प्रदेश के डिप्टी डायरेक्टर आयुर्वेद, महोदय ने लिखा है कि यह पुस्तक विद्यार्थी, प्रैक्टिशनरों तथा राजकीय चिकित्सक सबके लिए अत्यावश्यक तथा उपयोगी है। चिकित्सा में यश, धन तथा सफलता प्राप्त करने के लिए इस पुस्तक की एक प्रति पास में रहना अत्यावश्यक है। पुस्तक उत्तम कागज, नवीन टाईप में बहुत सुन्दर छपी है। मूल्य ३–५०

योगरत्नाकरः

मूल गुटकारूप, प्रत्येक श्लोक की पृथक् पृथक् पङ्क्ति एवं नवीन नवीन अवतरणों से युक्त सब संस्करणों से उत्तम शुद्ध तथा सस्ता संस्करण। मूल्य ६-००

योगरत्नाकरः

विद्योतिनी हिन्दी टीका सहित

सम्पादक—भिषग्रत्न श्री पं० ब्रह्मशंकर शास्त्री

कायचिकित्सक के लिए जिन २ बातों का ज्ञान आवश्यक है उन विषयों की अक्षय निधि इस ग्रन्थ में भरी पड़ी है। इस ग्रन्थ में निदान, चिकित्सा, ओषधि निर्माण विधि, मूत्र, नाड़ी प्रभृति की परीक्षा आदि सम्पूर्ण आवश्यक विषयों का विस्तार से वर्णन है। इस ग्रन्थ की सम्पूर्ण ओषधियां अनुभूत तथा सद्यः फलप्रद हैं। प्रत्येक चिकित्सक को इसकी १-१ प्रति अपने पास अवश्य रखनी चाहिए।

नवीन चमकते टाईप, उत्तम कागज, पृष्ठसंख्या हजार से ऊपर।

मूल्य १८-०

आयुर्वेद विद्यापीठ, हि० सा० सम्मेलन आदि द्वारा पाठ्य स्वीकृत—

रसादि परिज्ञान

आयुर्वेदवृहस्पति पं० जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल राजवैद्य

वैद्यसंसार के सुपरिचित मान्य श्री शुक्लजी ने इसकी रचना ऐसी कुशलता और योग्यता से की है कि यह ग्रन्थ आयुर्वेद जगत में एक समुज्ज्वल रत्न के रूप में मान्य होकर अत्यधिक ख्याति पा चुका है। शायद ही कोई ऐसा विद्वान् या छात्र होगा जिसने इस ग्रन्थरत्न का अवलोकन न किया हो। षट् रसों के सम्बन्ध में इतना विवेचन, इतने क्रम विकास और शास्त्र सम्मत विभाग करनेवाला हिन्दी ही क्या भारत की किसी भी भाषा में शुक्लजी का यही पहला ग्रन्थ है। इस बार शुक्लजी ने षट्रसों के ऊपर और भी विस्तृत विवेचन कर के ग्रन्थ का कलेवर ही बढ़ा दिया है तथा यत्र तत्र सत्तर वर्षों के अपने स्वानुभूत अनेकानेक विषयों से सुसज्जित और परिवर्द्धित कर ग्रन्थ का नाम भी 'रसपरिज्ञान' की जगह 'रसादिपरिज्ञान' कर दिया है जिससे यह ग्रन्थ और भी व्यापक और प्रद हो उठा है। मूल्य २-

रसचिकित्सा

राजवैद्य प्राणाचार्य—

डा० कविराज श्री प्रभाकर चट्टोपाध्याय

एम. ए., डी. एस. सी.

भू० प्रिंसिपल, आयुर्वेदिक कालेज, कलकत्ता

इस ग्रन्थ के प्रथम खण्ड में प्राचीन रसग्रन्थों से अनुभूत पारद के १८ संस्कारों का तथा पारदभस्म, हरितालभस्म आदि के निर्माणविधि का वर्णन बहुत सुन्दर रीति से किया गया है तथा स्वर्णघटित मकरध्वज बनाने की ऐसी विधि बतलाई गई है जो आज तक किसी भी अन्य पुस्तक में प्रकाशित नहीं हुई थी और जिसे सर्वसाधारण वैद्य नहीं जान पाये थे। इसके अतिरिक्त अभ्रकादि खनिज धातुओं का आश्चर्यजनक शोधन, मारण तथा उनकी सेवन-विधियों का विस्तृत विवेचन किया गया है। इसके द्वितीय तथा तृतीय खण्ड में ज्वरादि रोगों की चिकित्सा दी गई है और टायफाइड, न्यूमोनिया, इन्फ्लुयेञ्जा, कालाजार, प्लेग, गैष्ट्रिक अलसर, गलस्टोन, हैजा, सुजाक, उपदंश (आतशक) आदि वर्त्तमान काल में प्रचलित दुःसाध्य रोगों की भी सुन्दर अनुभूत चिकित्साविधि लिखी गई है। इस पुस्तक द्वारा चिकित्सक जटिल से जटिल आधुनिक रोगों की भी चिकित्सा करने में सफल हो सकता है। जिन प्रयोगों और अनुभवों को वैद्य लोग छिपाते थे, प्राच्य-प्रतीच्य चिकित्साशास्त्र के अद्वितीय मनीषी चट्टोपाध्यायजी ने स्वानुभूत उन योगों तथा अनुभवों को भी चिकित्सकों की सुविधा के लिये इसमें उल्लिखित कर दिया है। इस पुस्तक में वस्तुतः रसचिकित्सा का महत्व विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। इस पुस्तक के अध्ययन से रसचिकित्सा द्वारा असाध्य रोगों को भी साध्य करके साधारण वैद्य भी सफल रसचिकित्सक बनने का गौरव प्राप्त कर सकता है। अतः यह ग्रन्थ सभी रसचिकित्साभिलाषियों के लिये अत्यधिक उपयोगी होने से अवश्य संग्राह्य है।

कागज, टाईप, गेटअप आदि सभी आधुनिकतम। मूल्य ६—००

रसरत्नसमुच्चयः

सुन्दर टिप्पणी, नवीन २ अवतरणों तथा प्रत्येक श्लोकों की पृथक् २ पङ्क्ति से युक्त यह द्वितीयावृत्ति गुटका रूप में बहुत सुन्दर प्रकाशित हुई है।

मूल्य सुलभ संस्करण ३-०० राजसंस्करण ३-७

रसरत्नसमुच्चयः

(शोधपूर्ण तृतीय संस्करण)

नवीन वैज्ञानिक 'सुरत्नोज्ज्वला' हिन्दीटीका, परिशिष्ट सहित।

टीकाकार—कविराज डा० अम्बिकादत्तशास्त्री ए. एम. एस.

नवीन वैज्ञानिक 'सुरत्नोज्ज्वला' हिन्दी टीका तथा परिशिष्ट से विभूषित य तीसरा संस्करण प्रस्तुत है। यह आयुर्वेद के दुर्लभ ग्रन्थों में से एक है। इ ग्रन्थ के अनुसार धातूपधातु, रसोपरस, रत्न, विष आदि के शोधन-मारण जारणादि संस्कार कर उनका प्रयोग करने से चिकित्सा-क्षेत्र में अद्भुत चमत्का हो सकता है। प्राच्य-पाश्चात्योभय चिकित्सा सिद्धान्तों के मर्मज्ञ टीकाकार खनिजों की उत्पत्ति, स्वरूप, भेद, प्राप्ति आदि का विशद वर्णन तथा आधुनि वैज्ञानिक अनुसन्धानों से प्राचीन सिद्धान्तों का समन्वय करते हुए योग-निर्मा का व्याख्यान किया है। प्रत्येक रोग की चिकित्सा के अन्त में पथ्यापथ्य क सम्यग् विवेचन प्रस्तुत किया गया है। सन्दिग्ध स्थलों को उदाहरणादि से स किया गया है तथा 'विमर्श' नामक टिप्पणी में स्वसिद्धानुभवों का सुरम्य सन्निवे है। ग्रंथारंभ में आयुर्वेदिक यन्त्रों का सचित्र परिचय प्रस्तुत किया गया है।

चिकित्सा क्षेत्र से तनिक-सा भी संबंध रखने वाले के लिये यह ग्र महोपकारक है। इस तीसरे संस्करण को आवश्यक परिवर्तन-परिवर्द्धन भा संस्कारादि करके अधिक उपयोगी बना दिया गया है। मूल्य १०-०

रसाध्यायः। संस्कृत टीका सहितः

यह रसशास्त्र का अति प्राचीन, छोटा किन्तु बड़ा उपयोगी अद्भुत ग्रन्थ अधिकारों में पूर्ण हुआ है। इस ग्रन्थ में विषय तथा प्रक्रिया विभिन्न प्रकार वर्णित है जो आज के किसी भी ग्रन्थ में देखने को नहीं मिलती। मूल्य १-०

रसायनखण्डम् [रसरत्नाकर का चतुर्थ खण्ड]

यह रसायन खण्ड चिकित्सा के लिए बड़ा उपयुक्त है। इस खण्ड में रसायन तथा वाजीकरण इन दो तन्त्रों में बहुत से सुन्दर नूतन योगों का वर्णन किया गया है जिसको देखकर आप आश्चर्यचकित हो जायंगे। मूल्य ०-७५

रसार्णवं नाम रसतन्त्रम्

भागीरथी बृहद् टिप्पणी एवं विशेष विवरण सहित

यह ग्रन्थ रसायन ग्रन्थों में अति प्राचीन एवं सभी रस ग्रन्थों का आधारभूत है। इस ग्रन्थ में रसप्रक्रिया के लिये आवश्यक ज्ञान पूरा भरा हुआ है। शुद्धाशुद्ध धातुओं के लक्षण निर्दोष दिये हुए हैं। कीमिया का वर्णन तो इस ग्रन्थ में अथाह है। पारद के बन्धन-प्रयोग भी विशेषतः हैं। इस ग्रन्थ में यन्त्र, मूषादिकों का भली प्रकार वर्णन किया गया है। पारद के संस्कार तथा अभ्रक के लक्षण इनका खूब विस्तृत वर्णन है। रस, उपरस, महारस, रत्न, धातु उपधातुओं के शोधन-मारण का भी अच्छा वर्णन किया गया है। सत्त्वपातन की प्रक्रिया सुन्दर और विशद है। इस ग्रन्थ में मानपरिभाषा भी दी गई है। ग्रन्थ सर्वाङ्गसुन्दर बनाने के लिये पं० नीलकण्ठ देशपाण्डेजीने शास्त्रीय एवं क्लिष्ट शब्दों की विस्तृत टिप्पणी भी कर दी है। हर एक वनस्पतिय का 'इन्टर नेशनल नाम' तथा व्यावहारिक हिन्दी नाम भी दिया है। ग्रन्थ सर्वाङ्ग सुन्दर छपा है। मूल्य ३-००

रसेन्द्रसारसंग्रहः (सचित्र)

'बालबोधिनी—'भागीरथी' टिप्पणी सहित। समयानुकूल मात्रायें तथा यन्त्रों के चित्र वर्णन सहित। गुटका संस्करण। समाप्त

रसेन्द्रसारसंग्रहः (सचित्र)

नवीन वैज्ञानिक 'गूढार्थसन्दीपिका' संस्कृत व्याख्या सहित

टीकाकार—आयुर्वेदाचार्य डा० अम्बिकादत्तशास्त्री ए. एम. एस.

उक्त व्याख्या से यह ग्रन्थ आजकल के वैज्ञानिक ढङ्ग के अनुरूप हो गया है। रोगों एवं पथ्यापथ्य आदि का उल्लेख, ओषधियों के अनेक भाषाओं के नाम तथा अन्यान्य उपयोगी विषयों को देकर इस संस्करण को सर्वोत्तम रसचिकित्सोपयोगी बना दिया गया है। मूल्य ५-००

रसेन्द्रसारसंग्रहः (सचित्र)

नवीन वैज्ञानिक 'रसचन्द्रिका' भाषाटीका विमर्श परिशिष्ट सहित

संपादक—आयुर्वेदाचार्य श्री गिरजादयालु शुक्ल एम. ए., ए. एम. एस

यह रसचन्द्रिका टीका आज कल की सभी प्रकाशित हिन्दी टीकाओं से सुविस्तृत एवं सरल हुई है। सभी कठिन स्थलों पर टिप्पणियाँ दी गई हैं। मत-मतान्तरों का उल्लेख व सभी स्थलों पर आधुनिक काल के अनुसार उपयुक्त मात्रायें भी दी गई हैं। इस भांति विमर्श में प्रत्येक प्रयोगों की विशेषता का सुन्दर विवेचन भी किया गया है। **परिशिष्ट** में नवीन रोगों पर रसों का प्रयोग, मानपरिभाषा, मूषा तथा पुटप्रकरण, अनुपान विधि तथा औषध बनाने के नियम आदि भी देकर टीकाकार ने इस ग्रन्थ को एक सम्पूर्ण रसग्रन्थ ही बना दिया है। **यन्त्रों के चित्र** वर्णन सहित देकर स्पष्ट कर दिये गये हैं। तृतीय संस्करण मूल्य ६-

आचार्य त्रिवेदी की अमर रचना ! **ओषधि-संग्रहों में बेजोड़**

राजकीय ओषधियोगसंग्रह

आयुर्वेदाचार्य श्री रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी, ए. एम. एस.

...जिसकी एक-एक प्रति हर सरकारी औषधालय में प्रत्येक वैद्य के पास सरकार ने पहुँचाई है।

...जिस पुस्तक ने आज तक आयुर्वेदीय फार्माकोपिया के अभाव की सफलतापूर्वक पूर्ति की है।

...जिसमें १०२ पृष्ठ की भूमिका में ओषधिनिर्माण के सब अनुभव सं कर दिये गये हैं।

...६१२ पृष्ठ के विशाल ग्रन्थ में हर रोग पर अनुभूत योग, रोगों में प्रयुक्त होने वाले शास्त्रीय योग, ग्रन्थनिर्देश, अधिकार, घटक, निर्माण, पर्याय, गुण, उपयोग, क्रिया, रोगनिर्देशादि शीर्षकों में अद्भुत विवेचन किया गया है।

...जिसके हाथ में यह पुस्तक गई है उसने मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है।

थोड़ी प्रतियाँ शेष रहने के कारण तुरत आर्डर दीजिए अन्यथा अगले संस्करण की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। मूल्य रफ ७-०० ग्लेज ८

राष्ट्रियचिकित्सा सिद्धयोगसंग्रहः

आयुर्वेदाचार्य श्री रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी ए. एम. एस.

भूमिका लेखक—प्रोफेसर श्री दत्तात्रय अनन्त कुलकर्णी एम. एस–सी.

डि० डायरेक्टर, मेडिकल एण्ड हेल्थ सर्विसेस, उत्तर प्रदेश

इस पुस्तक में आयुर्वेद के आठों अंगों के विभिन्न शतशोऽनुभूत सिद्ध कषाय, चूर्ण, तैल, घृत, अवलेह, गुटिका और रसयोगों के गुण, अनुपान और निर्माण का पूर्ण विवरण दिया गया है। इसके अतिरिक्त डाक्टरी के अनूठे मिक्श्चर्स, लोशन्स आदि तथा यूनानी के सफूफ, अर्क–खमीरा आदि भी दिये गये हैं ताकि प्रत्येक वैद्य या राष्ट्रिय चिकित्सक उससे लाभ उठा सके। मूल्य १–५०

रोगनामावलीकोष

वैद्यराज हकीम ठाकुर दलजीत सिंह, भिषग्रत्न

भूमिका लेखक—डा० भास्कर गोविन्द घाणेकर

इस ग्रन्थ में सभी आयुर्वेदीय, यूनानी तथा डॉक्टरी रोगनामों का परिचयादि सहित समीचीन, आवश्यक, प्रामाणिक एवं सुन्दर संस्कृत–हिन्दी–उर्दू–अरबी–फारसी–अंग्रेजी आदि अनेक भाषाओं में अकारादि क्रमानुसार संग्रह किया गया है। अस्तु, स्पष्ट है कि यह ग्रन्थ चिकित्सानुरागी साधारण जनता, ग्रन्थलेखक, वैद्य, हकीम और डाक्टर सभी के लिये समानरूप से उपयोगी है। मूल्य ३–५०

वनौषधि-चन्द्रोदय (विशाल–निघण्टु ग्रन्थ)

(An Encyclopedia of Indian Botanys & Herbs)

इस विशाल ग्रन्थ में भारतवर्ष में पैदा होने वाली तमाम वनस्पतियों, खनिज द्रव्यों और विष-उपविषों के गुण-धर्मों का सर्वांगीण विवेचन किया गया है। प्रत्येक वस्तु के भिन्न २ भाषाओं में नाम, उत्पत्तिस्थान, आयुर्वेदिक, यूनानी और आधुनिक चिकित्साविज्ञान की दृष्टि से उनके गुण-धर्मों का वर्णन, शरीर के अन्दर भिन्न २ अङ्गों पर उसके पड़ने वाले रासायनिक प्रभाव, भिन्न २ रोगों पर उसके

उपयोग करने के तरीके, उस वस्तु के मेल से बनने वाले सिद्ध प्रयोगों का विवेचन बहुत ही सुन्दर तथा विस्तार से किया गया है जो आपको अन्यत्र किसी भी ग्रन्थ में मिलना असम्भव है।

इस विशाल निघण्टु ग्रन्थ की उपयोगिता स्वीकार करते हुए नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय सरकार के तमाम जंगलों के प्रधान इन्सपेक्टर जेनरल ने समस्त भारतीय जंगलों के प्रधान प्रबन्धकों के लिए तथा पंजाब, हिमाचल प्रदेश और मध्यभारत की सरकारों ने अपने अपने प्रदेशों के समस्त विभागीय जंगलों के अफसरों के लिए एवं केन्द्रीय सरकार के मेडिकल विभाग के डाईरेक्टर ने कुल मेडिकल संस्थानों के लिए पुस्तक का अनुमोदन कर खरीद करने की जोरदार सिफारिश की है। इनसे भिन्न मध्यभारत तथा उत्तर प्रदेश की सरकारों के शिक्षा विभागों ने भी अपने अपने प्रदेश के स्कूल, हाई स्कूल, इण्टर तथा डिग्री कालेज की लाइब्रेरियों के लिए उक्त पुस्तक को संग्रह करने का पूर्ण समर्थन किया है।
पृथक् २ प्रत्येक भाग का मूल्य ५–०० तथा १–१० भाग सम्पूर्ण का मूल्य ४०–००

विषविज्ञान और अगदतन्त्र

कविराज युगल किशोर गुप्त आयुर्वेदाचार्य

तथा—

आयुर्वेदबृहस्पति डा० रमानाथ द्विवेदी एम० ए०, ए० एम० एस०

इस पुस्तक में उन मुख्य विषैली ओषधियों का वर्णन है, जिनसे साधारणतया दुर्घटनायें हो जाया करती हैं अथवा जिनका प्रायः आत्महत्या तथा परहत्या के लिये उपयोग किया जाता है। इस पुस्तक में विषों के लक्षण तथा उनकी चिकित्सा आदि पर विस्तार से लिखा गया है ताकि चिकित्सक विष का निर्णय कर अत्यन्त शीघ्रतापूर्वक चिकित्सा कर सकें। इस परिवर्द्धित द्वितीय संस्करण में **डा० बा० पटवर्धन** जी ने आधुनिक नवीन वैज्ञानिक ढंग से सम्पूर्ण ग्रन्थ का परिष्कार कर के ग्रन्थ का कलेवर ही बदल दिया है। श्री द्विवेदी जी लिखित चरक, सुश्रुत, वाग्भट आदि प्राचीन आर्ष ग्रन्थों का सारभूत 'अगदतन्त्र' नामक ग्रन्थ भी इस संस्करण में संवलित कर दिया गया है। यह पुस्तक विद्यार्थियों तथा सामान्य चिकित्सकों के लिए समान रूप से पूर्ण उपयोगी सिद्ध हो चुकी है।

द्वितीय संस्करण मूल्य १–५

इ० मे० बोर्ड, यू० पी०, आयुर्वेद विद्यापीठ एवं हिन्दी साहित्य सम्मेलनादि अनेक आयुर्वेदिक संस्थाओं द्वारा पाठ्य स्वीकृत—

व्यवहारायुर्वेद-विषविज्ञान-अगदतन्त्र

डा० युगल किशोर गुप्त आयुर्वेदाचार्य

परिष्कर्त्ता—डा० बालकृष्ण पटवर्धन ए० एम० एस०

चिकित्सक तथा अध्यापक, आयुर्वेदिक कालेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

इस द्वितीय संस्करण को डा० पटवर्धनजी ने नवीन संस्करण के रूप में परिष्कृत कर दिया है तथा डा० रमानाथ द्विवेदी जी ने चरक, सुश्रुत, वाग्भट, काश्यप-संहितादि प्राचीन ग्रन्थोक्त परीक्षा निर्धारित 'अगदतन्त्र' जो इण्डियन मेडिसिन बोर्ड आदि परीक्षाओंमें निर्धारित है एवं जिनके प्रश्न प्राचीन आयुर्वेद पद्धति के अनुसार पूछे जाते हैं उनका समाधान तथा तदुक्त ग्रन्थों के विषघ्न ओषधि निर्माण, चिकित्सा, निदान, साध्यासाध्यता आदि का विशद विवेचन कर उसमें अगदतन्त्र नामक ग्रन्थ को भी जोड़ दिया है। चिकित्सकों की सुविधा के लिए उत्तरप्रदेश सरकार का इण्डियन मेडिसिन एक्ट भी इस संस्करण में छपा है। आज तक इस विषय की दूसरी कोई भी पुस्तक इसके टक्कर की नहीं छपी है। मूल्य ४–५०

आसवारिष्ट-विज्ञान

श्री पक्षधर झा

अध्यक्ष—रसशास्त्र-विभाग, राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पटना (बिहार)

यह ग्रन्थ दो खण्डों में विभाजित है। प्रथम खण्ड में मद्य-सुरा-प्रसन्ना-सीधु-वारुणी आदि सम्पूर्ण आसवारिष्ट-भेदों की परिभाषाएँ, निर्माण-विधि की प्रक्रियाओं का सूक्ष्म विवेचन, सेवनविधि, मात्रा, पारिभाषिक शब्द तथा घन-द्रव पदार्थों के विभिन्न प्रचलित-अप्रचलित मानों का तुलनात्मक विवेचन है। द्वितीय खण्ड में रोगाधिकार-पूर्वक आसवारिष्टों का वर्गीकरण कर प्रत्येक आसवारिष्ट प्रकरण में ग्रन्थ, रोग, निर्माणप्रकार : घन-द्रव द्रव्य, प्रक्षेप द्रव्य, सन्धान प्रकार, सेवन प्रकार, मुख्य कार्य, मात्रा तथा 'वक्तव्य' में विशेष ज्ञातव्य सामग्री प्रस्तुत की गई है। आयुर्वेदीय आसवारिष्टों के सम्बन्ध में इतनी विशद सामग्री एक साथ प्रथम बार ही आप देखेंगे। विद्वान् लेखक के अध्यापन तथा प्रत्यक्ष कर्माभ्यास के अनुभवों से सम्पुटित यह ग्रन्थ छात्रों-चिकित्सकों की तो बात ही क्या, पठित व्यक्ति मात्र के लिये भी अमूल्य निधि है। शीघ्र छपेगा

वैद्यकीय सुभाषितावली

(Medical Anthology)

—: संग्रहकर्ता :—

डा० प्राणजीवन माणेकचन्द मेहता

आयुर्वेद जगत में डा० मेहता जी को कौन नहीं जानता। मेहता जी की इस अमर कीर्ति की प्रशंसा करना सूर्य को दीपक दिखाना है। फिर भी इतना अवश्य कहूँगा कि इस ग्रंथ का निर्माण करके मेहता जी ने आयुर्वेद का मस्तक अधिक ऊँचा कर दिया है। आयुर्वेद अथर्ववेद का उपवेद है यह प्रायः सभी लोग जानते हैं किन्तु वेदादि में बिखरे हुए आयुर्वेद के चुने हुए सुभाषित पद्य कितने हैं इसका ज्ञान सभी को नहीं था। प्रस्तुत ग्रन्थ में उसी के संकलन का भगीरथ प्रयत्न किया गया है। चारों वेद, महाभारतादि १८ पुराण, चरक, सुश्रुत, वाग्भटादि आयुर्वेद के शिरोमणि ग्रन्थ, माघ, नैषध, हर्षचरित आदि काव्य ग्रन्थ तथा लोलिम्बराज विरचित वैद्यजीवन आदि के ग्रन्थों में जितने वैद्यकीय सुभाषित छन्दोबद्ध सुललित पद्य आये हैं उन सब का एकत्र संग्रह इस पुस्तक में किया गया है तथा साथ ही साथ अंग्रेजी भाषा में उनकी आलोचनात्मक व्याख्या भी कर दी गयी है। यह ग्रन्थ आयुर्वेद के आधुनिक स्नातकों एवं विद्वानों के लिए अत्यन्त उपादेय और संग्रह करने योग्य है।

पुस्तक की छपाई, कागज, जिल्द, गेटअप आदि बहुत सुन्दर है। मूल्य २-००

वैद्यकपरिभाषाप्रदीपः

नवीन 'प्रदीपिका' नामक विस्तृत हिन्दी टीका सहित।

आयुर्वेदाचार्य श्री प्रयागदत्त जी जोषी से अत्यन्त सरल हिन्दी में इसकी प्रदीपिका नामक टीका करा कर छपवाई गई है। यह प्रदीपिका आपको शास्त्र तथा व्यवहार में मार्गदर्शक होगी। द्वितीय संस्करण १-५०

वैद्यजीवनम्

अभिनव 'सुधा' हिन्दी टीका टिप्पणी सहित।

टीकाकार—आयुर्वेदाचार्य श्री कालिकाचरण शास्त्री एम. ए.

इस संस्करण में सुधानामक विस्तृत सरल हिन्दी टीका में ग्रन्थ के आशय को भली प्रकार विस्तृत रूप से समझाते हुए विशद टिप्पणी में प्राचीन संस्कृत टीका की सभी विशेषतायें तथा स्थान स्थान पर प्रत्येक रोगों के लक्षण भी दे दिये गये हैं। द्वितीय संस्करण मूल्य १-२५

शार्ङ्गधरसंहिता

वैज्ञानिक विमर्शोपेत 'सुबोधिनी' हिन्दी टीका

'लक्ष्मी' नामक टिप्पणी तथा पथ्यापथ्यादि विविध परिशिष्ट सहित

इस ग्रन्थ के आपने कई संस्करण देखे होंगे किन्तु इस संस्करण की कुछ विशेषताएँ अपूर्व ही हैं।

प्रत्येक विवेच्य विषय के मूल पर निष्कर्षात्मक संक्षिप्त अवतरणिका, तदनन्तर मूल, फिर हिन्दी—इस व्यवस्था के साथ विस्तृत उपयोगी टिप्पणियाँ भी संस्कृत तथा हिन्दी में दी गई हैं। 'सुबोधिनी' टीका तथा 'लक्ष्मी' टिप्पणी में भाषा के प्रवाह और उसके सरलता, सुबोधता तथा स्पष्टता आदि गुणों को विशेष प्रयत्नों द्वारा सुरक्षित रखा गया है। विमर्श द्वारा ग्रन्थ के गूढ़ भावों को भी सरलता-पूर्वक स्पष्ट किया गया है। अनुवाद के अन्तर्गत मुख्य शब्दों को बड़े टाइप में देकर उनकी मुख्यता स्पष्ट की गई है तथा मान आदि के सम्बन्ध में ऐसे मत का संग्रहण किया गया है कि प्रत्यक्ष क्रियाओं में कहीं कोई बाधा न हो। जहाँ कहीं कुछ विशेष विषय अवधेय हैं वहाँ उनका उल्लेख कर उन पर यथेष्ट उपयोगी प्रकाश डाला गया है। लगभग १०० पृष्ठों का तो सुविस्तृत परिशिष्ट ही है जिसमें ग्रन्थानुक्त रोगों के भी निदान-लक्षण-चिकित्सा, प्रत्येक रोग का पथ्यापथ्य-निर्देश एवं प्रत्येक रोग पर अकारादिक्रम से एकत्र स्वरस-चूर्ण-आसव-घृत-तैल-रस-लेप आदि की लम्बी सूची भी दी गई है। आरम्भ में दिया हुआ विशद 'ग्रन्थालोचन' देखकर ही प्रस्तुत संस्करण की उपयोगिता समझ ली जा सकती है। चिकित्सा-क्षेत्र से सम्बद्ध व्यक्तिमात्र अथवा आयुर्वेद-प्रेमियों के लिये भी यह सर्वाङ्गपूर्ण उपादेय संस्करण अवश्य संग्रहणीय है। मूल्य ५-००

प्रो० राममूर्ति व्यायाम सीरीज की स्वास्थ्य सम्बन्धी पुस्तकें—

+ प्रो० राममूर्ति का व्यायाम ०-२५
+ तैरना सीखना ०-२५
+ जूजुत्सू वा जापानी कुश्ती ०-२५
+ तन्दुरुस्ती और ताकत ०-२५
+ भारत की ऋतुचर्या ०-२५
+ स्वास्थ्य साधन ०-२५
+ सूर्य नमस्कार ०-२५
+ पन्द्रह मिनट कसरत ०-२५

डा० बालकृष्ण मिश्र रचित पुस्तकें—

+ होमियो पैथिक चिकित्सा-विज्ञान १०-००
+ होमियो पैथिक चिकित्सा-सिद्धान्त ३-५०

सिद्ध-भेषज-संग्रह

आयुर्वेदाचार्य श्री युगल किशोर गुप्त डी. आई. एम. एस.

सम्पादक—आयुर्वेदाचार्य श्री गंगासहाय पाण्डेय ए. एम. एस.

अध्यापक, आयुर्वेदिक कालेज, हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी

प्रस्तुत पुस्तक में सभी प्रचलित—चूर्ण, वटी, घृत, तैल, आसव-अरिष्ट, सुरा, रस, रसायन, पर्पटी, लौह, मण्डूर, गुग्गुलु, अवलेह, मोदक, पाक, क्वाथ, लवण, द्रव, क्षार, प्रलेप, अञ्जन, वर्ति, धूम आदि शास्त्रीय योग तथा श्रेष्ठतम रसायनशालाओं में जिन योगों का निर्माण होता है उन अनुभवसिद्ध एवं वर्तमान समय में सिद्धहस्त चिकित्सक नित्यप्रति जिन योगों का प्रयोग करते हैं उन १००० सहस्र सिद्ध योगों का संग्रह तथा भस्म एवं शोधन-मारण की अनुभवसिद्ध, गुणकारी सरल विधियों का भी संकलन किया गया है। प्रत्येक योग के वर्णन में ग्रन्थ निर्देश, अधिकार, संयोगी द्रव्य, निर्माणप्रकार, मात्रा, अनुपान एवं गुणधर्म तथा उपयोगिता आदि आठ विभाग रखे गये हैं। विशिष्ट स्थलों पर प्रायः सर्वत्र ही विशेष वक्तव्य और नोट्स में संदिग्ध विषयों को विस्तार के साथ प्रतिपादन कर दिया गया है। सर्वसाधारण चिकित्सकों को, विशेषतया नवीन चिकित्सकों को सर्वविध ओषधि-निर्माण तथा चिकित्सा के बारे में पूर्ण जानकारी एक ही ग्रन्थ से हो जाय, यह इस ग्रन्थ की प्रमुख विशेषता है। यह अभिनव संस्करण प्रत्येक चिकित्सक के लिए संग्रह करने योग्य है।

पृष्ठसंख्या ७६०, छपाई, कागज, गेटअप आदि सभी आकर्षक एवं मनोहर हैं। मूल्य—राज संस्करण ९-०० उत्तम संस्करण ८-०० सुलभ संस्करण ७-००

सुश्रुतसंहिता–शारीरस्थानम्

नवीन वैज्ञानिक 'प्रभा'–'दर्पण' विस्तृत हिन्दीटीका सहित

इसकी 'प्रभा' तथा 'दर्पण' नाम की श्रेयस्कर दो टीकाओं में परीक्षोपयोगी विषयों का विवेचन निराले ढंग से किया गया है। सर्वत्र 'प्रभा' व्याख्या से मूल के वास्तविक अर्थों को तथा 'दर्पण' से विशेष २ अर्थों को विस्तृत रूप से दर्शाया गया है एवं शारीरिक शब्दों के पर्याय दे देने से तथा प्रति अध्याय के अन्त में प्रश्नसंग्रह के रखने से इस संस्करण की उपादेयता अति सौन्दर्यान्वित हो गई है। प्रथम एवं द्वितीय संस्करण अल्प समय में ही बिक गये। तृतीय संस्करण मूल्य ३-५०

इ. मे. बोर्ड यू. पी., आयुर्वेद विद्यापीठ, हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा पाठ्य-स्वीकृत
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत—

सौश्रुती

[A comprehensive Treatise on ancient Indian Surgery mainly based on the classical medical work Sushruta Samhita]

आयुर्वेदबृहस्पति डा० रमानाथ द्विवेदी एम. ए., ए. एम. एस.
चिकित्सक तथा अध्यापक, आयुर्वेद कालेज हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी

प्राचीन शल्यतन्त्र (सर्जरी) पर लिखा हुआ यह विशद ग्रन्थ नाना दृष्टियों से बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस विषय की जो सामग्री प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में बिखरी पड़ी है उस समस्त सामग्री को आधुनिक विज्ञान के आलोक में देखने का अथक प्रयास इस पुस्तक में किया गया है। साधारण पाठक भी इस ग्रन्थ को पढ़कर अपने देश के शस्त्रकर्म विज्ञान का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर सकता है। मूल्य ८-५०

स्वास्थ्यसंहिता-हिन्दीटीका सहित

आयुर्वेदाचार्य कविराज नानकचन्द्र वैद्यशास्त्री

नि० भा० आयुर्वेद विद्यापीठ परीक्षा के छात्रों के लिए यह अनिवार्य पाठ्य पुस्तक है। 'स्वास्थ्य विज्ञान' के प्रश्नों का इस पुस्तक में सरल, स्पष्ट तथा विस्तृत विवेचन किया गया है। दीर्घजीवनार्थ अनेक उपायों के वर्णन इस पुस्तक में आपको देखने को मिलेंगे। अवश्य अवलोकन करें। परिष्कृत द्वितीय संस्करण। मूल्य २-५०

काकचण्डीश्वरकल्पतन्त्रम्

विमर्शात्मक हिन्दी व्याख्या परिशिष्टादि सहित

यह ग्रन्थ अत्यन्त प्राचीन है। आयुर्वेद के कुछ विलक्षण सिद्ध कल्पों का प्रयोग इसमें देखने को मिलता है। मूल ग्रन्थ संस्कृत होने से सर्वसाधारण के लिए अनुपयोगी था किन्तु सरल हिन्दी व्याख्या में ग्रन्थ के सम्पूर्ण गुह्य भाग को अत्यन्त स्पष्ट कर देने से सबके लिये यह समान रूप से उपयोगी हो गया है। अत्यधिक अनुसंधान और श्रमपूर्वक इसका प्रकाशन किया गया है ताकि मानव मात्र इससे लाभान्वित हो सकें। २-००

सूचीवेध-विज्ञान

[INJECTION THERAPY]

डा० राजकुमार द्विवेदी आयुर्वेदाचार्य

आयुर्वेद में सूचिकाभरण का वर्णन स्थल स्थल पर आया है किन्तु उसका विशद वर्णन नहीं है। इसमें आज तक के आविष्कृत परीक्षित तथा सभी उपयोगी सिद्ध ओषधियों का वर्णन है। यह अपने विषय की एक अद्वितीय पुस्तक सिद्ध हो चुकी है। प्रथम संस्करण हाथों हाथ बिक गया। द्वितीय संस्करण मूल्य १–५०

इ० मेडिसिन बोर्ड यू० पी०, आयुर्वेद विद्यापीठ, हि० सा० सम्मेलन आदि अनेक आयुर्वेदिक शिक्षा संस्थाओं द्वारा स्वीकृत—

यू० पी० गवर्नमेंट आयुर्वेद एण्ड तिब्बी एकाडेमी द्वारा पुरस्कृत

शालाक्यतन्त्र (निमितन्त्र)

आयुर्वेदबृहस्पति डा० रमानाथ द्विवेदी एम. ए., ए. एम. एस.,

पुस्तक की भूमिका में ऐतिहासिक दृष्टि से विषय के विकास का विवेचन किया गया है। फिर पूरी पुस्तक को पाँच भागों में विभक्त किया गया है जिनमें क्रमशः नासिका, शिर, कान, मुंह और आँखों के रोगों के हेतु, निदान, सम्प्राप्ति आदि की विस्तृत विवेचना की गई है। विवेचना करते समय आधुनिक विज्ञान-सम्मत निदान और चिकित्सा आदि के साथ प्राचीन ग्रन्थों में प्राप्त इन्हीं विषयों से तुलना की गई है और मतभेदों तथा उनके कारणों पर पूर्ण रूप से प्रकाश डाला गया है। विषय से सम्बन्धित कोई विषय छूटा नहीं है। पुस्तक आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिये जहाँ अत्यधिक उपयोगी हो गई है वहीं आधुनिक चिकित्सा के मर्मज्ञों के लिये भी विशेष अध्ययन-मनन की वस्तु बन गई है।

